दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 167 जयपुर, सोमवार, 27 मई, 2024 । ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष- चतुर्थी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

### चुनावी भागदौड़ के बाद सीएम भजनलाल शर्मा की सेंट्रल पार्क में मॉर्निंग वॉक... सड़क किनारे चाय पीकर किया ऑनलाइन भुगतान

# बेजुबान पक्षियों के प्रति मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता, बांधे परिंडे...

**बेधड़क** | जयपुर

चुनावी भागदौड़ के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार सुबह जयपुर स्थित सेंट्रल पार्क में मॉर्निंग वॉक के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पार्क में घूमने आए लोगों से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं में उत्साह नजर आया। शर्मा ने पार्क में पक्षियों के लिए पानी के परिंडे बांधें तथा स्टैच्यू सर्किल पर पक्षियों को चुग्गा भी डाला। इस मौके उन्होंने कहा कि पूरा देश खासतौर से राजस्थान इस समय भीषण गर्मी से जूझ रहा है। प्रदेश हीट वेव की रेड अलर्ट श्रेणी में आ गया है। राज्य सरकार प्रदेशवासियों को गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। बिजली और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए चौबीस घंटे मॉनिटरिंग करवाई जा रही है। जनता को किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़े, इसलिए बिजली, पीएचईडी एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारियों और कार्मिकों के अवकाश निरस्त कर दिए गए हैं। शर्मा ने कहा कि लोगों की सेहत को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश में मौसमी बीमारियों और हीट वेव से बचाव एवं उपचार की पुख्ता व्यवस्थाएं की हैं। साथ ही, पशुधन एवं गोवंश के लिए भी दवा-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करवाई गई है।



#### स्कूलों में योग शिक्षा देने का अभियान सराहनीय

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान शाला स्वास्थ्य योग समिति के तत्वावधान में चल रहे योग शिविर का अवलोकन भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने योग साधकों से बातचीत की और 21 जून को मनाए जा रहे विश्व योग दिवस प्रोटोकॉल के बारे में जाना। योग समिति के आयोजन सचिव वैद्य हरिसिंह आयुर्वेदरत्न ने मुख्यमंत्री को स्कूलों में चलाए जा रहे योग शिक्षा अभियान से भी अवगत कराया।

#### पशु-पक्षियों के लिए चारे-पानी की व्यवस्था करने पर दिया जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने तो आमजन और पशु-पक्षियों को राहत पहुंचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की ही हैं, साथ ही आमजन को भी मानवीय आधार पर पशु-पक्षियों के लिए जहां भी संभव हो, पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। शर्मा ने भामाशाहों से भी आग्रह किया कि वे जनहित में प्रदेश में शीतल पानी की प्याऊ से लेकर पशुओं के लिए चारे-पानी की व्यवस्था जैसे पुनीत कार्य करें। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले तथा अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखें।

#### सीएम ने लिया चाय का आनंद

मुख्यमंत्री ने मार्निंग वॉक के बाद चौड़ा रास्ता स्थित दुकान के बाहर चाय पी तथा वहां मौजूद जनता से संवाद किया। रवाना होते समय मुख्यमंत्री ने चाय का ऑनलाइन भुगतान किया। इस दौरान उनके साथ गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, ग्रेटर नगर निगम महापौर पुनीत कर्णावट समेत कई लोग मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने दो दिन पहले ही भाजपा की संगठनात्मक बैठक ली थी। बैठक में उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सेवा ही संगठन अभियान के माध्यम से आमजन के लिए प्याऊ, पक्षियों के लिए परिंडे एवं गर्मी से राहत देने के लिए विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम तेज करने के लिए निर्देश दिए थे।





#### राजमाता माधवी राजे सिंधिया को श्रद्धांजलि

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां राजमाता माधवी राजे सिंधिया के निधन के बाद उन्हें श्रद्धांजलि देने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को ग्वालियर के सिंधिया महल पहुंचे। यहां सीएम ने सिंधिया घराने की राजमाता माधवी राजे सिंधिया को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सीएम भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं भी व्यक्त कीं।

### जरूरी खबर

#### दिल्ली के चाइल्ड अस्पताल में आग, 7 नवजात की मौत



**नई दिल्ली।** राजधानी के पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में शनिवार रात नवजात बच्चों के तीन मंजिला एक निजी अस्पताल में भीषण आग लग गई। इस दर्दनाक हादसे में 7 बच्चों की आग की चपेट में आने से मौत हो गई, जबकि 5 अन्य नवजात अब भी जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे हैं। अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडरों में धमाकों संग लगी आग इतनी भयानक थी कि उसने आसपास की दुकानों और इमरतों को भी अपनी चपेट में ले लिया था। दमकल कर्मियों द्वारा मौके पर पहुंचकर कुल 12 बच्चों को बचाया गया। इनमें से गंभीर रूप से झुलसे 7 नवजात बच्चों की मौत हो गई, जबकि 5 अन्य नवजात अब भी अस्पताल में भर्ती हैं। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने अस्पताल के मालिक नवीन को अरेस्ट कर लिया गया है। वह घटना के बाद से वह फरार था।

#### आर्मी चीफ मनोज पांडे को मिला 1 माह का सेवा विस्तार




**नई दिल्ली।** भारतीय थल सेना के प्रमुख जनरल मनोज पांडे को एक महीने का सेवा विस्तार दिया गया है। जनरल मनोज पांडे 31 मई को रिटायर होने वाले थे। रक्षा मंत्रालय की ओर से उनके कार्यकाल को एक महीने बढ़ा दिया गया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के लिए सेवा में एक महीने के विस्तार को मंजूर कर लिया है। वे 31 मई, 2024 को सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन अब जनरल पांडे 30 जून, 2024 तक सेवा देंगे। बयान में कहा गया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 26 मई, 2024 को 1954 के सेना नियम 16 ए (4) के तहत सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे की सेवा में उनकी सामान्य सेवानिवृत्ति आयु से एक महीने की अवधि के लिए यानी 30 जून, 2024 तक विस्तार को मंजूरी दी है।

### नौतपा का दूसरे दिन: 45⁰ से 50⁰ के बीच पहुंचा तापमान

# आसमान से बरसे अंगारे.. कई शहरों में रेड अलर्ट

### प्रदेश में तपती गर्मी के बीच बदला मौसम... जोधपुर-उदयपुर समेत चार जिलों में आंधी-बारिश



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के कई हिस्सों में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। झुलसाने वाली गर्मी में लोगों को घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है। प्रचंड गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। आसमान से आग बरस रही है। नौतपे के दूसरे दिन ही प्रदेश के अधिकांश स्थानों का तापमान 45 से 50 डिग्री के बीच बना हुआ है। फलौदी में पारे ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। यहां तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 49, जैसलमेर में 48.5, बीकानेर में 48.6 और चूरू में 47.6 तक पहुंच गया है। नौतपा के असर से यहां मौसम के असर से आम लोगों को जीवन पर प्रभाव पड़ रहा है। सरकार ने गर्मी को देखते हुए जल, बिजली और स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रखा है। कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी है। पिछले 24 घंटे में राजधानी जयपुर में पारा 45.6 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने प्रदेश के 33 जिलों में रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अति तीव्र हीट वेव चलने की संभावना जताई गई है। इस भीषण गर्मी में एसी और कूलर भी फेल हो रहे हैं। हीट वेव से आग जैसी तपन लग रही है। इधर, रविवार को दिनभर तपन भरी भीषण गर्मी के बीच प्रदेश के जोधपुर व उदयपुर समेत चार जिलों में दोपहर बाद तेज आंधी के बीच हल्की बारिश हुई। इससे लोगों को थोड़ी राहत मिली। दूसरी ओर जयपुर मौसम केंद्र के मुताबिक प्रदेश का सर्वाधिक तापमान फलौदी में 50 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं न्यूनतम तापमान बाड़मेर में 33.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

#### 29 मई तक रहेगी भीषण गर्मी

दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में 29 मई तक भीषण गर्मी जारी रहेगी। भीषण गर्मी का असर हिमाचल प्रदेश, असम और मेघालय की पहाड़ियों पर भी पड़ेगा। राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश और गुजरात के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया गया है। पंजाब में 2 दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट है। इसके साथ ही प्रदेश के 33 जिलों में रेड, ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है। अलवर, बारां, भरतपुर, बूंदी, दौसा, धौलपुर, जयपुर, झालावाड़, झुंझुनूं, करौली, कोटा, सवाई माधोपुर, सीकर, टोंक, बाड़मेर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालौर, जोधपुर, नागौर, पाली, श्रीगंगानगर जिले में अति तीव्र हीट वेव चलने का रेड अलर्ट जारी किया गया है। अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, राजसमंद जिले में अति तीव्र हीट वेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, वही बांसवाड़ा, डूंगरपुर, सिरोही, उदयपुर में हीट वेव का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

#### बॉर्डर पर तापमान 55 डिग्री सेल्सियस

प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। पूरा प्रदेश इस समय झुलसाने वाली गर्मी और लू की चपेट में है। वहीं भारत-पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर इन दिनों आसमान से आग बरस रही है और रेत आग का दरिया बन चुकी है। बॉर्डर पर तापमान 55 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है और इस जलते अंगारे जैसी सरहद पर बीएसएफ के पुरुष और महिला जवान देश की सुरक्षा करने के लिए ड्यूटी पर तैनात हैं। मौसम विभाग का कहना है कि पूरे क्षेत्र में गर्म और शुष्क पश्चिमी हवाएं चल रही हैं, जो सिंध, बलूचिस्तान और थार रेगिस्तान जैसे क्षेत्रों से आ रही हैं। ये हवाएं उन क्षेत्रों से होकर गुजरती हैं जहां तापमान 50 डिग्री तक पहुंच रहा है।

#### ये रहा प्रदेश के जिलों का तापमान

| | |
|---|---|
| फलौदी | 50⁰ |
| बीकानेर | 48.6⁰ |
| चूरू | 47.6⁰ |
| श्रीगंगानगर | 47.8⁰ |
| पिलानी | 47.4⁰ |
| कोटा | 47.1⁰ |
| अजमेर | 46.2⁰ |
| भीलवाड़ा | 46⁰ |
| जयपुर | 45.6⁰ |
| चित्तौड़गढ़ | 45.6⁰ |
| बाड़मेर | 49⁰ |
| जैसलमेर | 48.5⁰ |
| जोधपुर | 46.4⁰ |
| धौलपुर | 46.3⁰ |
| कोटा | 47.1⁰ |
| डूंगरपुर | 43.4⁰ |
| जालौर | 45.9⁰ |
| फतेहपुर | 48.4⁰ |
| करौली | 46.8⁰ |

### गलत MLC रिपोर्ट बनाने के लिए मांगे 1 लाख

# 25 हजार रुपए घूस लेते दो डॉक्टर समेत दलाल अरेस्ट

**बेधड़क** | अलवर



भिवाड़ी में एसीबी टीम ने रविवार को थानागाजी के प्रतापगढ़ सीएचसी में कार्रवाई कर गलत एमएलसी रिपोर्ट बनाने के एवज में 25 हजार की रिश्वत लेते प्रतापगढ़ सीएचसी प्रभारी डॉ. योगेश शर्मा एवं डॉ. समर्थलाल और एक मेडिकल दुकानदार सुनील गोयल को रंगे हाथ गिरफतार कर लिया। डॉक्टरों ने एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। इसमें से 15 हजार रुपए डॉक्टर पहले ले चुके थे।

एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की अलवर द्वितीय हाल भिवाड़ी इकाई को परिवादी की ओर से शिकायत दी गई कि थाना प्रतापगढ़ में दर्ज मारपीट के केस में गंभीर चोटों की एमएलसी रिपोर्ट पक्ष में बनाने की एवज में डॉ. समर्थलाल मीणा व डॉ. योगेश शर्मा दोनों चिकित्साधिकारियों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापगढ़ जिला अलवर की ओर से एक लाख रुपए की रिश्वत राशि की डिमांड की जा रही थी। इस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरवीजन में एसीबी अलवर द्वितीय भिवाड़ी इकाई के उप अधीक्षक पुलिस परमेश्वर लाल के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन करवाया गया। शिकायतकर्ता ने दलाल व डॉक्टर को फोन किया। इस दौरान रिश्वत की राशि कम करने व उनके हिसाब से रिपोर्ट बनाने को लेकर बातचीत हुई। इसमें मामला सही पाया गया। इस पर रविवार को एसीबी टीम ने ट्रैप की कार्रवाई करते हुए आरोपी डॉ. समर्थलाल मीणा, डॉ. योगेश शर्मा एवं दलाल सुनील गोयल मेडिकल स्टोर संचालक प्रतापगढ़ को परिवादी से 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

#### KKR ने तीसरी बार जीता IPL



*__चेन्नई।__ श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली कोलकाता नाइट राइडर्स ने आंद्रे रसेल के दमदार प्रदर्शन के बाद वेंकटेश अय्यर के नाबाद अर्धशतक की मदद से फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर तीसरी बार आईपीएल का खिताब जीता। कोलकाता ने रविवार को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम पर खेले गए फाइनल में गेंद और बल्ले दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन किया और किसी भी समय पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम को हावी होने नहीं दिया। कोलकाता ने इससे पहले अपना अंतिम खिताब 2014 सीजन में पंजाब किंग्स को हराकर जीता था और अब 10 साल बाद टीम ने फिर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया है।*

### नियमों में संशोधन का प्रस्ताव

# सरकार की बहुमंजिला भवन बनाने के नियम बदलने की तैयारी

- 15 मीटर ऊंची इमारतों को ही मल्टी स्टोरी इमारत की श्रेणी में रखने की योजना
- 60 फीट से कम चौड़ी सड़कों पर 15 मीटर ऊंची इमारतों का नहीं किया जा सकेगा निर्माण

**बेधड़क** | जयपुर



प्रदेश में बहुमंजिला इमारतें बनाने के लिए नए नियम लागू होंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार ने तैयारी कर ली है। नगरीय विकास और स्वायत्त शासन विभाग के मंत्री के झाबर सिंह खर्रा ने अफसरों के साथ हुई मीटिंग में इसके संकेत दे दिए हैं।

अधिकारियों से वार्ता के बाद मल्टी स्टोरी इमारतों के नियमों में संशोधन का प्रस्ताव तैयार किया गया है। प्रदेश की भजनलाल सरकार मल्टी स्टोरी इमारतों के नियमों में बदलाव की तैयारी में है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगरीय विकास और स्वायत्त शासन विभाग के मंत्री ने मुख्य सचिव के स्तर पर वार्ता करके नए बिल्डिंग बायलॉज बनाने पर सहमति दी है। मंत्री की सहमति मिलने के बाद अधिकारियों ने मल्टी स्टोरी इमारतों के नियमों में संशोधन का प्रस्ताव तैयार किया है। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस प्रस्ताव को सरकार मंजूरी दे सकती है। संशोधित नियमों का ड्राफ्ट तैयार है। बस सरकार की मंजूरी मिलना बाकी है।

#### बिल्डिंग बायलॉज काफी पुराने... नए की जरूरत: खर्रा

नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा का कहना है कि बिल्डिंग बायलॉज काफी पुराने हो गए हैं। समय और परिस्थितियों के बदलने के कारण अब नए नियम बनाने की जरूरत है। इसी वजह से नियमों में बदलाव की जरूरत महसूस हुई। खर्रा ने कहा कि आचार संहिता हटने के संशोधित नियम उनके पास आएंगे। फिर इस प्रस्ताव पर विधिक सलाह ली जाएगी। विधिक राय मिलने के बाद जनता से भी सुझाव लिए जाएंगे। इसके बाद नियमों में संशोधन को मंजूरी दी जाएगी।

**ये रहेगा मल्टी स्टोरी इमारतों की कैटेगरी का पैमाना:** अब तक 18 मीटर ऊंची इमारतें ही मल्टी स्टोरी इमारतों की श्रेणी में आती है। इतनी ऊंची इमारतों का निर्माण 60 फीट या इससे चौड़ी रोड पर ही किया जा सकता है। नए नियमों में सरकार इस कैटेगरी को बदलने जा रही है। अब 15 मीटर ऊंची इमारतों को ही मल्टी स्टोरी इमारत की श्रेणी में माना जाएगा। जब इस नए प्रस्ताव पर सरकार को मुहर लग जाएगी तो 60 फीट से कम चौड़ी सड़कों पर 15 मीटर ऊंची इमारतों का निर्माण नहीं किया जा सकेगा।

**सोलर पैनल और फायर फाइटिंग सिस्टम अनिवार्य:** नए नियमों के तहत बड़ी इमारतों में फायर फायटिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य किया जाएगा। साथ ही आपातकाल के दौरान दमकलों का मूवमेंट इमारत के चारों तरफ हो सके। इसके लिए बिल्डिंग बायलॉज में 3.6 मीटर चौड़े ड्राइव वे के बजाय 4.5 मीटर का ड्राइव वे करने प्रावधान किया जा रहा है। नए नियमों में बड़ी इमारतों के छत पर सोलर पैनल लगाना अनिर्वाय भी किया जा रहा है। यानी छत के 25 फीसदी हिस्से पर सोलर पैनल लगाना ही होगा। इसके साथ ही वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के प्रावधान में संशोधन की तैयारी की जा रही है। ताकि कम गहराई में चट्टान वाले इलाकों में भी बारिश के पानी को संचय कर रिसाइकल किया जा सके।

## जरूरी खबर

### बजट-2024-25 के लिए 15 जून तक दे सकेंगे सुझाव



**जयपुर।** प्रदेश के विकास में आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य के आगामी परिवर्तित बजट 2024-25 के लिए नागरिकों, संगठनों आदि से सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। राज्य के सर्वांगिण विकास के लिए प्रदेशवासी अपने सुझाव वित्त विभाग की वेबसाइट https://finance.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध लिंक पर जाकर 15.6.2024 तक दर्ज करा सकते हैं। सरकार की इस पहल से बजट आम जनता की इच्छा के अनुरूप तय हो सकेगा।

### आश्रम स्थलों पर करें छाया-पानी के माकूल इंतजाम

**जयपुर।** स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक एवं संयुक्त सचिव श्याम सिंह ने नगरीय निकायों को गर्मी को देखते हुए आमजन, पशु-पक्षी के हितार्थ महत्वपूर्ण कदम उठाने और जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखने के लिए निर्देश जारी किए हैं। सिंह ने अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए ऐसे स्थानों का चिह्निकरण किया जाए, जो कि असुरक्षित हैं। ऐसे स्थानों पर आश्रय गृह बनाकर उनमें पीने के पानी, पंखे-कूलर, ओआरएस के पैकेट्स की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि पशु-पक्षियों के लिए भी जगह-जगह पर उनके लिए भी चारा, दाना और पानी की व्यवस्था की जाए। ताकि गर्मी में किसी भी जीव पर संकट न आए।

### जनआधार पोर्टल से योजनाओं के लाभ पर जोर

**जयपुर।** राजस्थान जन आधार प्राधिकरण के अतिरिक्त महानिदेशक विनेश सिंघवी की अध्यक्षता में योजना भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिंघवी ने बताया कि राजस्थान जन आधार प्राधिकरण अधिनियम, 2020 के अनुसार राज्य निधि से संचालित योजना के लाभ का न्यूनांश भी लाभार्थी को देय है। साथ ही अधिसूचित योजनाओं के लाभ जन आधार प्लेटफॉर्म के माध्यम से दिए जाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि लाभार्थी का जन आधार अधिप्रमाणन किया जाए और प्रदान किए जाने वाले लाभों एवं सेवाओं के ट्रांजेक्शनस को जन आधार पोर्टल से साझा किया जाए।

---

विधायक रामावतार बैरवा ने बिजली विभाग के अधिकारियों से समस्याओं को लेकर की चर्चा

# अघोषित बिजली कटौती से बिगड़े हालातों को जल्द करें काबू

**बेधड़क | चाकसू**

विधानसभा क्षेत्र चाकसू, कोटखावदा व माधोराजपुरा में इस भीषण गर्मी में बिजली आपूर्ति का ढांचा पूरी तरह से बिगड़ गया है। स्थानीय लोगों का आरोप हैं कि संबधित अधिकारी पूरी तरह आमजन की तकलीफ से बेपरवाह एवं लापरवाह तौर से मस्त है।

यहां दिन व रात को घंटो तक होने वाली अघोषित बिजली कटौती पर स्थानीय विभाग के मनमाने रवैये से परेशान होकर क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा व भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा से भी शिकायत की। जिस पर



विधायक बैरवा पूरी तरह एक्शन मोड़ पर नजर आ गए ओर इस मामले में अधिकारियों की मीटिंग ली। 220 पावर स्टेशन पर चाकसू विधायक रामावतार बैरवा ने चाकसू, कोटखावदा, माधोराजपुरा में हो रही बिजली की समस्या के समाधान को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को बिजली सुबह या शाम को दी जाए और कृषि एग्रीकल्चर के पेंडिंग कनेक्शन को तत्काल जारी किए जाएं। चाकसू कस्बे में 33केवी के दो स्वीकृत जीएसएस का कार्य चालू किया जाए। चाकसू, कोटखावदा में एफआरटी की एक-एक गाड़ी अतिरिक्त लगाई जाए। वहीं चाकसू, कोटखावदा में ट्रांसफार्मर रखने के लिए लिफ्टर गाड़ी लगाई जाए। इस तरह लोड सेटिंग के नाम पर हो रही कटौती को बंद किया जाए। माधोराजपुरा उपखण्ड में सहायक अभियंता कार्यालय खोला जाए। गावों से शिकायत मिल रही है की कूलर पंखे नहीं चलते हैं, जहां कनेक्शनो के अकॉर्डिंग ट्रांसफार्मर रखे जाए।

#### कटौती से लोगों में आक्रोश का माहौल

गौरतलब है कि चाकसू में बिजली का ढांचा इस तरह बिगड़ गया है यदि विभाग ने समय रहते विद्युत आपूर्ति में सुधार नहीं किया तो परेशान लोग कभी भी सड़कों पर उतर सकते है। यहां बता दे कि कटौती का कोई समय निर्धारित नही है। बिजली कब आएगी इसका जवाब न बिजली विभाग के अधिकारियों के पास है और ना ही अन्य किसी के पास। शनिवार को दिन में कई घंटों बिजली बंद रही यही हालत रात्रि मे भी रहे। इससे इस भीषण गर्मी में लोग तपते रहे। रात्रि में लाइट बंद रहने से बच्चे, महिलाओं व बुजुर्गो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कटौती के चलते विद्युत आधारित कार्य बाधित हो गए है। यह स्थिति दो महीनों से लगातार बनी हुई है। कटौती का दंश झेल रहे उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है।

#### कई बार शिकायत, लेकिन सुनवाई नहीं

स्थानीय लोगों ने कहा कि सहायक अभियंता रामअवतार बैरवा व अन्य अधिकारियों से बिजली कटौती को लेकर कई बार शिकायत की। संपूर्ण समाधान दिवस में भी समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया, फिर भी बिजली विभाग की मनमानी से अघोषित कटौती की जा रही है। बिजली कब आएगी कब जाएगी, यह किसी को पता नहीं होता है। तहसील मुख्यालय पर 24 घंटे मिलने वाली बिजली मात्र 3-4 घंटे ही दी जा रही है, वह भी कई बार ट्रिपिंग होती है। वहीं अघोषित विद्युत कटौती की विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर मार पड़ रही है, जिससे कामकाज प्रभावित हो रहा है।

#### बैठक में यह रहे मौजूद

बैठक में जेवीवीएनएल के निदेशक एस.एस. नेहरा, अधीक्षण अभियंता एन. पी. सिंह, अधिशासी अभियंता वाटिका एस. के. श्रीवास्तव, सहायक अभियंता चाकसू राम अवतार बैरवा, कोटखावदा सहायक अभियंता राजकुमार गर्ग, कनिष्ठ अभियंता चाकसू अनिल मीणा समेत कृषि मंडी पूर्व अध्यक्ष कैलाश शर्मा, कोटखावदा प्रधान प्रहलाद मीणा, सरपंच अर्जुन मीणा, पार्षद मांगीलाल बैरवा व लालराम जादम मौजूद रहे।

---

विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने कहा...

# जनता की सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने पर करें 'फोकस'

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि जयपुर शहर अपने अदभुत नगर नियोजन, ऐतिहासिक स्मारकों आदि विशिष्टताओं के कारण देश विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। इसे स्वच्छ, सुंदर और यहां नगारिकों की ईज ऑफ लिविंग को बेहतर बनाए रखने के लिए हमारा सामूहिक प्रयास होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जनता की सुविधाओं को बेहतर और उपयोगी बनाए रखने पर अधिकारियों का फोकस होना चाहिए। संबंधित विभागों के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जयपुरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं मिलें। मुख्य सचिव रविवार को शासन सचिवालय में जयपुर शहर के विभिन्न विकास प्रोजेक्ट, ट्रैफिक, मानसून पूर्व तैयारियों, अतिक्रमण, अवैध निर्माण आदि को लेकर नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, ट्रैफिक पुलिस एवं जिला प्रशासन की समीक्षा कर रहे थे। सुचारू परिवहन व्यवस्था के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, परिवहन विभाग व यातायात पुलिस में प्रभावी समन्वय जरुरी मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा यातायात पुलिस द्वारा प्रमुख मार्गों पर व्यस्ततम समय में यातायात व्यवस्था दुरूस्तीकरण पर विशेष ध्यान दें ताकि आमजन को आवागमन में परेशानी न हो। उन्होंने कहा ई-चालान प्रक्रिया को व्यापक एवं प्रभावी बनाएं, परिवहन विभाग व आईटी विभाग के साथ समन्वय कर कैमरा लगाये जाने वाले स्थानों का चिह्निकरण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि ट्रेफिक कंट्रोल बोर्ड की मासिक बैठक का आयोजन सुनिश्चत करें। शहर में सार्वजनिक मार्गों जैसे मैरिज गार्डन, रेस्टोरेंट्स एवं अन्य प्रतिष्ठानों पर अनाधिकृत रूप से वाहनों की पार्किंग पर रोकथाम व चालान आदि की कार्यवाही करें, साथ ही मैकेनाइज्ड पार्किंग के उपयोग को भी बढ़ावा देने का प्रयास करें। बैठक में उपस्थित जेडीए एवं नगर निगम के मुख्य प्रवर्तन अधिकारियों को निर्देशित किया कि अतिक्रमण और अवैध निर्माण को आरंभ होते ही हटाने के लिए तत्पर रहें।



#### सघन पौधारोपण का प्लान करें तैयार

मुख्य सचिव ने समस्त अधिकारियों को आगामी मानसून सीजन में प्रदेश में सघन पौधारोपण की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ बचाव कार्यक्रम की तैयारी करने और शहर के ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान पानी के जमाव का सामना करने के लिए उचित व्यवस्थाएं तैयार करें और बारिश के पानी के संचयन के लिय वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर की सफाई करें साथ ही ट्रीटेड वाटर का रियूज सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि न केवल नागरिकों के लिए, बल्कि पशुओं और पक्षियों के लिए भी जल की व्यवस्था करें।

#### ऑनलाइन मिले सरकारी सेवाओं का लाभ

मुख्य सचिव ने आइटी का उपयोग कर नागरिकों को सरकारी सेवाओं को ऑनलाइन माध्यम से प्रदान करने के निर्देश दिए ताकि लोगों का कार्य बिना कार्यालय जाये हो जाये। इस पर नगरीय विकास विभाग विचार करे कि आम नागरिक को घर बैठे क्या—क्या सेवाएं दी जा सकती हैं जिससे नागरिकों की ईज़ ऑफ लिविंग बढ़ सके।

#### अधिकारी ईमानदारी से निभाएं भूमिका

मुख्य सचिव ने कहा कि जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, परिवहन विभाग व यातायात पुलिस का समन्वय महत्वपूर्ण है। आमजन के लिए अधिकारी अच्छी नीयत, मेहनत और ईमानदारी से काम करना सुनिश्चित करें। बैठक में मौजूद विभागों के अधिकारियों ने सुधार के लिए संचालित प्रोजेक्ट्स की स्थिति की प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी।

---

डिप्टी सीएम नागौर दौरे में बोले...

# नरेंद्र मोदी सरकार के कल्याणकारी फैसलों से हर वर्ग को मिली राहत



**बेधड़क | नागौर**

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा आज नागौर जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान मेड़ता पहुंचने पर बैरवा का स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता व मेड़ता विधायक लक्ष्मण कलरू, उप जिला प्रमुख सोभाराम जयपाल और पार्षद आदि लोगों ने भट्टा चौराहे पर माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान बैरवा ने दावा किया कि राजस्थान में लोकसभा की सभी 25 सीटें बीजेपी जीतेगी। उन्होंने कि मोदी सरकार के कल्याणकारी फैसलों से प्रदेश के हर वर्ग को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बिजली व पानी को लेकर बड़ी संवेदनशील है। हमारे मुख्यमंत्री बराबर अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों से संवाद कर व्यवस्था को सुचारु अंजाम देने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही दावा किया कि कहीं भी अव्यवस्था नहीं होने दी जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को रथ के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। प्रदेश में रसोई गैस सिलेंडर के दाम कम कर आमजन को दिलाने का काम किया है। हर योग्य लाभार्थी को लाभ दिया जाएगा। गेंहू का समर्थन मूल्य का फायदा दिलवाया है और डीजल व पेट्रोल के दामों में भी कमी की है। इस प्रकार जनकल्याण को लेकर हम सतत प्रयास कर रहे हैं। साथ ही लम्बे समय से लंबित प्रकरणों को जल्द ही निस्तारण करने का आश्वासन दिया। बैरवा का मेड़ता सिटी में स्थानीय नगर पालिका पार्षद, स्थानीय भाजपा पदाधिकारी व मेड़ता भाजपा मंडल की ओर से माला और साफा पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया। बैरवा ने स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर गर्मी से बचने की हिदायत भी दी।

---

खामी मिलने पर श्रीगंगानगर में एक गैमिंग जोन बंद

# राजकोट हादसा: प्रदेश में सतर्कता

**बेधड़क | जयपुर**

गुजरात के राजकोट में गेमिंग जोन में हुए अग्निकांड हादसे के बाद राजस्थान में भी इस मामले को लेकर संज्ञान लिया जा रहा है। रविवार को श्रीगंगानगर के रिद्धि सिद्धि मॉल और एनएच 62 स्थित गेमिंग जोन में पुलिस अधिकारियों ने सभी तरह की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

एनएच 62 स्तिथ गेमिंग जोन में कमियां मिलने पर उसे एकबारगी बंद करवाया गया है। श्रीगंगानगर एसपी गौरव यादव ने बताया कि गुजरात के राजकोट में गेमिंग जोन में हुए अग्निकांड हादसे के बाद राज्य सरकार काफी अलर्ट हो गई है। उन्होंने बताया कि श्रीगंगानगर के रिद्धि सिद्धि



मॉल और एनएच-62 स्तिथ गेमिंग जोन में सभी व्यवस्थाओं की जांच की गई। इसके लिए पुलिस के उच्च अधिकारियों की एक टीम बनाई गई।

इसमें आईपीएस बी आदित्य, आईपीएस विनय कुमार, सीआई रमेश जाट को लिया गया। सभी अधिकारी जाब्ते के साथ रिद्धि सिद्धि मॉल के गेमिंग जोन पहुंचे और गेमिंग जोन को कुछ देर के लिए खाली करवाया गया। इसके बाद गेमिंग जोन के लिए आवश्यक सेर्टिफिकेट, सुरक्षा उपकरण, फायर सेफ्टी उपकरण, मेकेनिकल सर्टिफिकेट आदि की गहनता से जांच की गई। उन्होंने बताया कि रिद्धि सिद्धि मॉल में छोटी-मोटी कमियों के अलावा सभी व्यवस्थाएं सही पाई गई। कमियों को पूरा करने के लिए पाबंद किया गया है।

आईपीएस बी आदित्य ने बताया कि इसके बाद एनएच 62 स्थित गेमिंग जोन का भी निरिक्षण किया गया। यहां गेमिंग जोन के लिए आवश्यक दस्तावेज पूरे नहीं थे। इसके अलावा भी कई कमियां मिली। ऐसे में कमियों को पूरा करने तक गेमिंग जोन को आम लोगों के लिए बंद करवाया गया है।

---

भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

# मतगणना में एजेंटों की नियुक्ति पर चर्चा

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव मतगणना की तैयारियों को लेकर भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक ओंकार सिंह लखावत की अध्यक्षता में रविवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई।

इसमें लखावत ने बताया कि मतगणना ऐजेंटों की नियुक्ति सहित मतगणना प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशियों की ओर से की जाने वाली औपचारिकताओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान यह निर्णय भी लिया गया कि विधि प्रकोष्ठ द्वारा चुनावी मतगणना से जुड़ी विस्तृत जानकारी का एक प्रपत्र सभी



जिलाध्यक्षों, लोकसभा प्रत्याशियों एवं लोकसभा संयोजकों को भेजा जाएगा।

लखावत ने बताया कि मतगणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी के लिए जल्द ही एक वर्चुअल बैठक भी आयोजित की जाएगी और प्रदेश स्तर पर एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया जाएगा। बैठक में प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, विधि प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सौरभ सारस्वत, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, चुनाव प्रबंधन समिति सदस्य राजेंद्र सिंह शेखावत, योगेंद्र सिंह तंवर, डॉ. अपूर्वा सिंह, चुनाव प्रबंधन समन्वयक नेमीचंद जैमन, विधि प्रकोष्ठ प्रदेश सह-संयोजक अशोक सिंह शेखावत, कार्यालय मंत्री मुकेश पारीक और ऐविएशन प्रदेश संयोजक हुसैन खान मौजूद रहे।

---

पूर्व सीएम के बयान पर भाजपा का पलटवार

# गहलोत की कुटिल राजनीति के चलते करीबी नेताओं ने छोड़ा साथ: मिश्रा

**बेधड़क | जयपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने वाले नेताओं को नॉन परफॉर्मिंग एसेट बताया है। इस बयान पर अब भाजपा नेता पंडित सुरेश मिश्रा ने निशाना साधा है।

उन्होंने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस के एकमात्र नॉन परफॉर्मिंग एसेट अशोक गहलोत हैं, जो अपनी पार्टी को 25 साल से कमजोर करते आ रहे हैं। कांग्रेस छोड़ने वाले 90 फीसदी लोग कभी अशोक गहलोत के करीबी रहे थे, जो कुटिल राजनीति से परेशान होकर कांग्रेस



छोड़ गए। इसके साथ ही उन्होंने अशोक गहलोत पर कई सवाल भी दागे हैं। पंडित सुरेश मिश्रा पहले सांगानेर से विधानसभा चुनाव भी लड़ा था। वे सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने अशोक गहलोत से कुछ सवाल भी पूछे हैं। उन्होंने कहा कि क्या यह सही नहीं है कि राजीव गांधी ने आपकी (गहलोत) खराब परफॉर्मेंस और कमजोर संवाद क्षमता के कारण 6 महीने बाद ही मंत्रीमंडल से हटाकर पीसीसी अध्यक्ष बनाकर जयपुर भेज दिया था? क्या यह सही नहीं है कि कांग्रेस जब 1989 में 195 सीटें जीती तब भी आप पीसीसी अध्यक्ष, बिना विधायक हुए राज्य में गृह मंत्री रहते हुए अपनी लोकसभा सीट से बुरी तरह हार गए थे?

क्या यह सही नहीं है कि 1991 का लोकसभा चुनाव भी आप राजीव गांधी की हत्या की सहानुभूति की लहर में ही जीत पाए? क्या यह सही नहीं है कि 1998 के विधानसभा चुनाव में आप चेहरा नहीं थे। फिर भी गांधी परिवार की चापलूसी और मदेरणा के खिलाफ षड्यंत्र करके आप मुख्यमंत्री बने?

पंडित सुरेश मिश्रा ने अशोक गहलोत से सवाल किया कि क्या यह सही नहीं कि आप 2003 में मुख्यमंत्री नं.1 होने के बाद भी 100 सीटें गंवाकर अपनी पार्टी को 156 से 56 पर गिरा कर दिल्ली चले गए? क्या यह सही नहीं कि आपने सीपी जोशी के नेतृत्व में 2008 में बनी सरकार के नेतृत्व को गांधी परिवार की चापलूसी से मुख्यमंत्री का पद हथिया लिया था?

#### 5 साल भ्रष्टाचार रहा चरम पर

पंडित मिश्रा ने गहलोत से पूछा कि क्या यह सही नहीं कि विगत 5 वर्षों में आपके नेतृत्व में चली सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए, जिसके बारे में आपकी पार्टी के अनेक विधायकों ने आरोप लगाए और पत्र लिखे। क्या यह सही नहीं कि राजीव गांधी स्टडी सर्किल के सदस्यों को रीट की परीक्षा का जिम्मा जिस जारोली ने दिया वह आपका खास आदमी था? इस प्रकार सोनिया गांधी को खुश करने के लिए आपने 25 लाख रीट परीक्षार्थियों का जीवन बर्बाद कर दिया। क्या यह सही नहीं कि आपने आरपीएससी को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाकर राजस्थान की शासन व्यवस्था में अक्षम और भ्रष्ट लोगों की भर्ती का रास्ता खोलकर महापाप नहीं किया।

#### एक भी पावर प्लांट नहीं लगवाया

मिश्रा ने कहा कि पांच साल में गहलोत सरकार ने एक भी नया पावर प्लांट स्थापित नहीं किया और निजी क्षेत्र से महंगी बिजली खरीदकर भ्रष्टाचार कियाउनकी सरकार में जल जीवन मिशन टेंडर घोटाला हुआ, जिसके चलते आज राजस्थान में पानी के लिए तरस रहा है। जबकि केंद्र सरकार राजस्थान को 27 हजार करोड़ दे चुकी थी, जो सरकार से खर्च नहीं हुए। कांग्रेस सरकार अस्पतालों में पंखे, कूलर तक उपलब्ध करवा पाई। अब राज्य में भाजपा सरकार यह सब काम कर रही है तो प्रश्न उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भ्रष्टाचार करने वालों को बख्शने वाले नहीं हैं। सुशासन और विकास के मॉडल के आधार पर 2028 में भाजपा की एक बार फिर सरकार बनाने का भी उन्होंने दावा किया।

## जरूरी खबर

### उधारी के रुपए लौटाने के बहाने बुलाकर रेप



**जयपुर।** उधार लिए रुपए लौटने के बहाने बुलाकर ट्रक के केबिन में रिश्तेदार युवक द्वारा महिला से रेप करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ करधनी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच कर रहे करधनी एसएचओ वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि झोटवाड़ा निवासी 40 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि आरोपी के रिश्तेदार होने के कारण घर पर आना-जाना है। वह ट्रक चलाने का काम करता है। अक्टूबर 2023 में आरोपी ने ट्रक खराब होने की बात कहकर 40 हजार रुपए उधार मांगे। इस पर उसने आरोपी रिश्तेदार को रुपए दे दिए। एक दिन आरोपी ने कॉल कर रुपए लौटने के बहाने बुलाया। वह रुपए लेने गई तो आरोपी ने रोड नंबर-14 पर रुपए देने की बात कहकर ट्रक में बैठा लिया। इसके बाद दौलतपुरा पुलिया से पहले सुनसान जगह पर ट्रक रोक लिया और उसके साथ रेप किया।

### अस्थाई अतिक्रमण हटाए, तीन केंटर माल जब्त

**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम की सतर्कता शाखा ने रविवार को अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन केंटर सामान जब्त किया। हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि सतर्कता शाखा उपायुक्त पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में रविवार को परकोटे में यातायात पुलिस और जेडीए के साथ संयुक्त अभियान चलाया, जिसमें दस्ते ने बड़ी चौपड़, हवामहल बाजार, चांदी की टकसाल, सुभाष चौक, आमेर रोड, जोरावर सिंह गेट से अस्थाई अतिक्रमण को हटाया और तीन केंटर सामान जब्त किया।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


#### विजिटर्स के लिए नाहरगढ़ पर हेरिटेज निगम ने चलाया सफाई अभियान

# डस्टबिन बैग देकर समझाया... कचरा इसमें डालें, सड़क पर नहीं

### अभियान में जुटे सैकड़ों लोग, हेरिटेज स्थल पर गंदगी नहीं करने की ली शपथ

**बेधड़क** | जयपुर

हेरिटेज नगर निगम के जागो जयपुर जगमग जयपुर अभियान के तहत रविवार को नाहरगढ़ किले के परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा की अपील पर नाहरगढ़ में श्रमदान करने सैकड़ों लोग जुट गए।

तीन घंटे तक चले सफाई अभियान के बाद परिसर से गंदगी साफ हो गई। इस अवसर पर वन विभाग की टीम और नाहरगढ़ महल टीम ने भी श्रमदान कर कचरा साफ किया। हेरिटेज निगम आयुक्त ने बताया कि हेरिटेज निगम के जागो जयपुर जगमग जयपुर अभियान के तहत रविवार को स्वच्छता प्रहरी नाहरगढ़ पर जुटे। अभियान में विभिन्न सामाजिक और स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी श्रमदान किया। आयुक्त सुराणा ने बताया कि वन विभाग और नाहरगढ़ महल प्रशासन के सहयोग से सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान नाहरगढ़ किले से सनराइज प्वांइट तक चला।

जिसमें पांच ट्रेक्टर और आठ हूपर कचरा इकट्ठा किया गया। आगे भी नाहरगढ़ अभयारण्य में सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान आयुक्त अभिषेक सुराणा ने सभी स्वच्छता प्रहरियों को एतिहासिक स्थलों पर गंदगी नहीं करने की शपथ भी दिलाई।



### जेसीबी ने खुदाई कर निकाला दबा हुआ कचरा

सफाई अभियान के दौरान हेरिटेज निगम आयुक्त ने भी श्रमदान किया। इस दौरान उन्होंने किले की प्राचीर के नीचे कई सालों से दबे कचरे को भी जेसीबी की सहायता से निकलवाया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे पॉलिथिन का उपयोग नहीं करें। ये सभी जीवों के लिए हानिकारक है। पॉलिथीन से पेड़-पौधों को भी नुकसान पहुंचता है। निगम आयुक्त के साथ कई विदेशी पर्यटकों ने भी सफाई अभियान में हिस्सा लिया।

### 500 बैग वितरित

इस दौरान नाहरगढ़ जाने वाले लोगों को हेरिटेज निगम की ओर से डस्टबीन बैग भी बांटा गया और समझाइश की, वे कचरा सड़क पर नहीं फेंके। इस दौरान करीब 500 बैग वितरित किए गए। आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि आगे भी नाहरगढ़ जाने वाले लोगों को डस्टबिन बैग दिए जाएंगे और अन्य पर्यटन स्थलों पर भी ये सुविधा दी जाएगी।

### इन्होंने किया श्रमदान

वन विभाग डीएफओ जगदीश गुप्ता, नाहरगढ़ महल अधीक्षक सोहन राम, समाजसेवी डा. स्नेहलता भारद्वाज, वर्क ग्लोबल फाउण्डेशन, स्नेह फाउण्डेशन, ग्रीन फॉरेस्ट फाउण्डेशन, रक्षा ग्रुप, वार्ड 11 के पार्षद भूपेन्द्र मीणा।

#### गुजरात हादसे के बाद राजधानी में भी प्रशासन एक्टिव, कार्रवाई

# जयपुर में भी झोल... 8 गेम जोन की जांच, खामियां मिलने पर 6 सीज

**बेधड़क** | जयपुर

गुजरात के राजकोट में गेम जोन में हुए हादसे में 28 लोगों की मौत के बाद जयपुर में भी प्रशासन एक्टिव मोड में आ गया है। रविवार को छुट्टी के दिन नगर निगम ग्रेटर की टीम ने शहर में चल रहे गेम जोन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान यहां भी व्यवस्थाओं में झोल मिला। खामियां मिलने पर झोटवाड़ा के ट्राइटन मॉल में चल रहे 6 गेम जोन को सीज कर दिया।

नगर निगम ग्रेटर के चीफ फायर ऑफिसर गौतम लाल ने बताया कि शहर के अलग-अलग 8 गेम जोन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान झोटवाड़ा स्थित ट्राइटन मॉल में अलग-अलग छह गेम जोन (हॉरर हाउस, भूत बंगला, हंसी का फव्वारा, नया अजूबा, कांच का महल, डार्क वर्ल्ड) में भारी अनियमितताएं पाई गईं। इनमें प्लास्टिक, कागज और थर्माकोल के साथ लकड़ी का भारी मात्रा में इस्तेमाल किया गया था। आग बुझाने के लिए भी पर्याप्त संसाधन नहीं थे। इसके बाद टीम ने इन सभी गेम जोन को सीज कर दिया।







### 8 में से दो जगह पर ही सही मिली व्यवस्थाएं

गौतम लाल ने बताया कि इसके साथ 200 फीट बाईपास पर स्थित पूनो और टोंक रोड स्थित हॉपअप पर भी हमारी टीम निरीक्षण करने पहुंची थी। यहां व्यवस्था सही पाई गई। अब टीम सोमवार को भी अलग-अलग जगह निरीक्षण करेगी। किसी भी तरह की अनियमितता और लापरवाही बरतने वाले लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ग्रेटर की फायर शाखा उपायुक्त सरिता मील ने बताया कि गुजरात में हुए हादसे के बाद टीम ने शहर में चल रहे गेम जोन का निरीक्षण किया। जो गेम जोन सीज किए गए, इनमें लकड़ी और ज्वलनशील पदार्थ का भारी मात्रा में उपयोग किया गया है। जो फायर फाइटिंग सिस्टम लगा था, वह सही काम नहीं कर रहा था। इनके पास फायर एनओसी भी नहीं थी। इसके बाद टीम ने अलग-अलग 6 गेम जोन को सीज कर दिया है।



### निकाय आयुक्त और ईओ करेंगे निरीक्षण

इधर, स्वायत्त शासन विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया है, जिसके तहत प्रदेश के सभी गेम जोन्स में सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उन्हें दुरुस्त करवाया जाएगा। आदेश के अनुसार प्रदेश के सभी निकायों के आयुक्त और ईओ को जल्द से जल्द अपने क्षेत्रों में चल रहे गेम जोन्स का निरीक्षण करने के लिए टीमें गठित करने और इस पूरे काम की मॉनिटरिंग करनी होगी। चूंकि, गेम जोन्स में बड़ी संख्या में लोग खास तौर पर वीकेंड पर अपने परिवारों के साथ जाते हैं। ऐसे में ऐसी जगहों पर अग्निशमन के साथ अन्य व्यवस्थाओं को पुख्ता रखना संचालक की जिम्मेदारी होगी। साथ निकाय अधिकारियों पर भी इन व्यवस्थाओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। स्वायत्त शासन विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसी गेम जोन में लापरवाही सामने आती है, तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

पारस जैन ने कहा कि अब गेम जोन के साथ शहर में चल रहे शॉपिंग मॉल, थिएटर और हाई राइज बिल्डिंग का भी निरीक्षण करेंगे, ताकि भविष्य में होने वाली किसी भी अनहोनी को रोका जा सके।

### आग बुझाने के पर्याप्त साधन नहीं

नगर निगम फायर शाखा के अध्यक्ष पारस जैन ने बताया कि झोटवाड़ा के ट्राइटन मॉल में भारी गड़बड़ी सामने आई है। इन लोगों के आग लगने के बाद उसे बुझाने के लिए पर्याप्त उपकरण तक नहीं थे।

#### ट्रैफिक पुलिस का विशेष प्लान

# अब जोन वाइज चलेंगे ई रिक्शा, दूसरे जोन में गए तो कार्रवाई



**बेधड़क** | जयपुर

'जयपुर शहर को 8 से 10 जोन में बांटा जाएगा, जहां पर ई-रिक्शा संचालित होंगे। कोई भी ई-रिक्शा अगर दूसरे जोन में जाएगा तो उसके चालक के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस कड़ी कार्रवाई की जाएगी।'

यह विशेष प्लान सिटी में बेलगाम ई-रिक्शा संचालन को कंट्रोल करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने बनाया है। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। ट्रैफिक पुलिस का यह प्लान परिवहन विभाग की मदद से शुरू होने जा रहा है। परिवहन विभाग की ओर से ट्रैफिक पुलिस को ई-रिक्शा संचालित करने के लिए जोन वाइज रिपोर्ट भेजी है। डीसीपी ट्रैफिक सागर राणा ने बताया कि मौजूदा समय में जयपुर शहर में 35 से 40 हजार ई-रिक्शा दौड़ रहे हैं। इन ई-रिक्शा को परिवहन विभाग से परमिट मिला हुआ है, लेकिन उसका कोई एरिया निर्धारित नहीं था। ऐसे में कोई भी कहीं पर भी ई-रिक्शा चला सकता था। अब इनको जोन वाइज चलाने का परमिट दिया जाएगा।

उन्होंने बताया- खास बात यह है कि वाराणसी की तर्ज पर जयपुर में पहली बार इन ई-रिक्शा में अब क्यूआर कोड भी लगा होगा। क्यूआर कोड में ई-रिक्शा संचालक के नाम-पता की पूरी डिटेल भी अपलोड की जाएगी। अगर कोई भी ई-रिक्शा संचालक अपने रूट मैप के अलावा दूसरी जगह ई-रिक्शा चलाएगा तो सड़क पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी क्यूआर कोड से स्कैन कर कार्रवाई कर सकेंगे।

#### Ru में एक जून से भरे जाएंगे प्रवेश फॉर्म

# इस बार 100 फीसदी सीटों पर जारी होगी एक ही कटलिस्ट




**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय में एडमिशन के लिए एक जून से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। 12वीं पास छात्र-छात्राएं 10 जून तक प्रवेश के लिए फॉर्म भर सकेंगे।

विश्वविद्यालय प्रशासन इस बार एक साथ 100 फीसदी सीटों के लिए कट ऑफ जारी करेगा और फिर रिक्त सीटों को काउंसलिंग से भरा जाएगा। छात्र विश्वविद्यालय के सभी संघटक कॉलेजों की 7000 सीटों के लिए के लिए 1 जून से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इस बार दो-तीन कट ऑफ लिस्ट जारी करने की बजाय संघटक कॉलेज की 100 फीसदी सीटों पर एक कट ऑफ लिस्ट जारी की जाएगी।

इस संबंध में राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने बताया कि छात्रों को मार्कशीट उपलब्ध होने के साथ ही विश्वविद्यालय ऑनलाइन एडमिशन प्रोसेस शुरू कर रहा है।

#### संस्कृत प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ

# संस्कृत विद्वान ही नहीं, बल्कि श्रेष्ठ मानव भी बनाती है

**बेधड़क** | जयपुर

संस्कृत-भारती जयपुर प्रांत की ओर से पंद्रह दिवसीय संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ रविवार को आदर्श विद्यामंदिर सांगानेर में किया गया। प्रशिक्षण वर्ग 7 जून तक संचालित होगा।

शिविर के उद्घाटन सत्र में राष्ट्रिय स्वयं सेवक संघ राजस्थान क्षेत्र के बौद्धिक प्रशिक्षण प्रमुख श्रीकांत मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कृत भाषा हमारी लोक भाषा है। इस भाषा का शब्दकोश विश्व का सबसे विस्तृत शब्दकोश है, जिसका प्रभाव विश्व की अन्य भाषाओं पर दिखाई देता है। विदेशी आक्रांताओं ने भारतीय भाषाओं और हमारी संस्कृति के ऊपर आघात करके नष्ट करने का भरसक प्रयास किया, परंतु हमारे देश के साधकों ने इस परम्परा के सरक्षण हेतु सर्वस्व समर्पित कर दिया। अब वह समय हमें फिर से लाना है और भारतीय वैभव को प्रति स्थापित करना है। यह केवल संस्कृत के प्रसार से ही संभव है।



### संस्कृत वार्तालाप सिखाया

शिविर में संस्कृत संभाषण संस्कृत वार्तालाप शब्द निर्माण आदि सिखाया जाएगा। शिविर की दिनचर्या सुबह 4:30 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 10 बजे तक संचालित होगी। संस्कृत में ही आम बोलचाल सहित सभी कार्य संस्कृत में ही होंगे। इस अवसर पर डॉ. कमल किशोर चोटिया, डॉ. योगेन्द्र शर्मा, डॉ. फूलवंती आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत भारती शिविर के प्रशिक्षण प्रमुख डॉ. मीठा लाल माली ने किया।

### सभ्य समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय पत्राचार प्रमुख हुलास चंद थे। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल विद्वान ही नहीं बनाती है, अपितु जीवन मूल्यों से परिपोषित श्रेष्ठ मानव का निर्माण करती है। संस्कृत भाषा न केवल श्रेष्ठ मनोभावों के अनुकूल शब्दों की आपूर्ति करती है, अपितु श्रेष्ठ विश्व नागरिक निर्माण की प्रतिभूति (गारंटी) भी देती है। संस्कृत भारती एक ऐसा संगठन है जो विद्वता और मानवमूल्यों से समाविष्ट सभ्य समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है और सतत प्रयासरत है।

### 100 प्रशिक्षणार्थी ले रहे हैं भाग

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान क्षेत्र के प्रशिक्षण प्रमुख राजेंद्र शर्मा ने की। कार्यक्रम में जयपुर प्रान्त के सहमंत्री चन्द्र शेखर शर्मा ने अतिथियों का श्री फल प्रदान करके स्वागत किया। कार्यक्रम वर्ग संयोजक डॉ. रघुवीरप्रसाद शर्मा सह संयोजक वर्गाधिकारी डॉ कानाराम जाट ने बताया इस संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण शिविर में राजस्थान के विभिन्न जिलों से आये हुए 100 प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं।

## जरूरी खबर

### इंदिरा गांधी नहर में नहाने उतरे युवक की डूबने से मौत



**जैसलमेर।** जिले के निकट स्थित मोहनगढ़ क्षेत्र में एक युवक की इंदिरा गांधी नहर में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार डिग्गा गांव निवासी अरविंद सिंह नहाने के लिए नहर में उतरा था। नहर में पानी का बहाव तेज होने के कारण वो गहरे पानी में चला गया, जिससे युवक की मौत हो गई। पानी का बहाव तेज होने के कारण युवक का शव घटना स्थल से लगभग तीन किलोमीटर आगे चला गया था। गोताखोरों की मदद से लगातार दो-तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक का शव बाहर निकाला गया।

### पुलिस पर फायरिंग करने वाला मोस्ट वांटेड गिरफ्तार

**बूंदी।** कोटा पुलिस पर 3 दिन पूर्व हुए जानलेवा हमले के मामले में हिंडोली थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी शकरगढ़ के जंगलों में छुपकर बैठा था। आरोपी रामराज मीणा हत्या सहित दर्जनभर मामलों में मोस्ट वांटेड अपराधी है। गौरतलब है कि तीन दिन पहले कोटा पुलिस की टीम बासनी के जंगल में रह रहे अपराधी रामराज मीणा को गिरफ्तार करने आई थी। इस आरोपी और उसके परिवार के लोगों ने पुलिस पर पत्थरों की बौछार कर दी। इसके बाद कुछ लोग हथियार लेकर आए और पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। इन्हीं में से किसी एक ने बंदूक से फायर कर दिया, जिससे हिंडोली पुलिस का कांस्टेबल नरपतसिंह घायल हो गया था।

### संभागीय व श्रम आयुक्त ने किया रिफाइनरी का दौरा



**बालोतरा।** श्रम विभाग के संभागीय संयुक्त श्रम आयुक्त सुरेन्द्र गोदारा ने रिफाइनरी विजिट कर एचआरआरएल के अधिकारियों को हीट वेव एडवाइजरी का पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही रिफाइनरी क्षेत्र में हुई श्रमिकों की मृत्यु के स्थलों का निरीक्षण कर श्रमिकों के आश्रितों को क्षतिपूर्ति राशि जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने रविवार को लेबर कॉलोनियां का भी दौर किया गया। बता दें कि हीट वेव के दौरान जिला कलेक्टर के निर्देश पर एचआरआरएल ने 11 से लेकर 5 बजे तक श्रमिकों को विश्राम देने का निर्णय लिया है।

### गर्मी बढ़ने के साथ ही बढ़ी मटकों की डिमांड, सुकून दे रहा मिट्टी की सौंधी खुशबू का शीतल जल

# शहरवासियों को लुभा रहे आकर्षक पेंटिंग से सजे गुजराती मटके

**बेधड़क** | अलवर

राजस्थान में भीषण गर्मी के साथ ही अब नौतपा की भी शुरुआत हो चुकी है। तापमान अधिक होने के कारण लोग अपने घरों से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं। वहीं, घर पर ही गर्मी से बचने के लिए ठंडे पर पदार्थ व पानी का सेवन कर रहे हैं।

हालांकि कई ऐसे भी लोग हैं, जो घर पर फ्रिज होने के बाद भी चिलचिलाती गर्मी से बचाव के लिए देसी फ्रिज का इस्तेमाल कर रहे हैं। यही वजह है कि प्रदेश में तेजी से मिट्टी के मटकों की मांग बढ़ी है। बात अगर अलवर शहर की करें तो यहां झुलसाती गर्मी में मिट्टी के मटकों की मांग काफी बढ़ गई है। यहां गुजरात से डिजाइनर मटके तैयार हो कर आ रहे हैं, जिसे बाजारों में बेचा जा रहा है। शहर के अंबेडकर सर्किल पर मिट्टी के बर्तनों की दुकान लगाने वाले अनुज प्रजापत ने बताया कि वो पिछले 10 साल से शहर में मिट्टी के मटके और बर्तन बेच रहे हैं। शहर में उनकी एक मात्र ऐसी दुकान है, जहां गुजरात से तैयार होकर डिजाइनर मटके आते हैं।



उन्होंने बताया कि वो थोक रेट पर शहर में देसी फ्रिज सप्लाई करते हैं, जिसकी कीमत 150 रुपए से लेकर 400 रुपए तक है। अनुज ने कहा कि गर्मी के बढ़ते ही मिट्टी के डिजाइनर मटके की डिमांड बढ़ गई है।

#### ग्रामीणों की पहली पसंद देसी मटका

अनुज ने बताया कि उनके यहां डोरेमोन, बोतल, जग, कैंपर, कढ़ाई, तवा सहित अन्य सामान लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात से तैयार होकर आ रहे आइटम टेराकोटा, बालू और चिकनी मिट्टी से बने हैं। इसके अलावा मटकों में नल भी लगे हैं, जो खरीददारों को पसंद आ रहा है। खासकर ग्रामीणों में को ये मटके बहुत भा रहे हैं। शहरवासियों को यह मटके इसलिए पसंद आ रहे हैं, क्योंकि इन पर खास तरह की कारीगरी की गई है।

#### ट्रक में लोड होकर आता है माल

अनुज ने बताया कि इनकी डिमांड के अनुसार इन्हें मंगवाया जाता है। अलवर शहर में इन मटकों की डिमांड अच्छी चल रही है। यह आइटम गुजरात से ट्रक में लोड होकर आता है। हालांकि, इसमें कई बार नुकसान की आशंका भी होती है। कई बार आते समय मटके टूट भी जाते हैं।

#### डिजाइनर मटके की खासियत

खरीददार अरुण ने बताया कि आज लोगों के घर स्टैंडर्ड है तो लोग डिजाइनर मटके लेकर अपने घरों में रख रहे हैं। फिनिशिंग के चलते दूर से ही लोगों को ये मटके आकर्षित करते हैं। वहीं, डिजाइनर मटके खरीदने आई वैशाली ने बताया कि दूर से देखने पर ये मटके काफी सुंदर दिखाई देते हैं। पुराने जमाने में भी लोग मटके से पानी पीते थे। पुराने जमाने की यादों को ये डिजाइनर मटके वापस लेकर आ रहे हैं।

### आरोपियों के पास मिले 500 के 40 हजार रुपए के जाली नोट

# बाजार में नकली नोट चलाने वाले तीन शातिरों को पुलिस ने दबोचा

**बेधड़क** | अजमेर

प्रदेश में नकली नोटों को कारोबार पनप रहा है। इसका खुलासा पुलिस ने किया है। अजमेर में पुलिस ने बाजार में खरीददारी के नाम पर नकली नोट खपाने वाले तीन शातिरों को धर-दबोचा। इन अपराधियों के पास से 500-500 रुपए के जाली नोट जब्त कि गए हैं जो 40 हजार रुपए के है। पुलिस की ओर से बताया गया है कि अवैध हथियार और जाली नोटों की तस्करी करने वालों को सप्लाई करने वाले गैंग को पकड़ा गया है।

अजमेर में पकड़े गए तीनों आरोपी अलवर जिले के हैं। जानकारी के अनुसार अजमेर की सदर कोतवाली थाना पुलिस ने बाजार में जाली नोट चला रहे तीन बदमाशों को 40 हजार रुपए जाली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई ने जानकारी बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान के तहत मादक पदार्थ, अवैध हथियार और जाली नोटों की तस्करी करने वालों को नोट सप्लाई करने वाली गैंग का पर्दाफाश किया गया है।



#### खिलौने खरीदने के लिए दिया 500 का जाली नोट

एसपी देवेंद्र कुमार विश्नोई ने बताया कि 25 मई की रात को मदार गेट पुलिस चौकी पर व्यापारी सुरेश ने बताया कि उसकी दुकान पर तीन व्यक्ति आए, जिनमें से एक व्यक्ति ने प्लास्टिक का खिलौना खरीदा। खरीदारी के बदले उसने 500 का नोट दिया। भीड़ ज्यादा होने के कारण बाद में जब उसे नोट को देखा तो नकली नोट होना ज्ञात हुआ। उसके बाद पुलिस की मदद से तीनों बदमाशों को मुंदरी मोहल्ले के बाजार से हिरासत में लिया गया।



#### तीन आरोपियों के पास मिले नकली नोट

तीनों बदमाशों को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली गई जिसमें अलवर निवासी अब्बास के पास 500 के 45 जाली नोट, संतार खान के पास 25 और हासान उर्फ मौसम खान के पास 10 जाली नोट बरामद हुए। इस प्रकार तीनों के पास से कुल 40 हजार रुपए नकली भारतीय मुद्रा बरामद की गई। तीनों ही बदमाश को रविवार को न्यायालय के समक्ष पेश कर रिमांड लिया गया।

#### भीड़भाड़ वाली दुकानों को बनाते हैं निशाना

शातिर तीनों बदमाश जो भारी मात्रा में जाली नोट अजमेर लेकर शहर में आए और अजमेर में दुकान दुकान घूम कर देखते हैं कि किस दुकान पर भीड़भाड़ है। जिस दुकान पर भीड़ भाड़ दिखाई देता है वहां से सामान खरीदने और जल्दबाजी में दुकानदार को जाली ₹500 का नकली नोट देकर बदले में असली नोट प्राप्त कर वहां से फरार हो जाते। दुकान पर भीड़ होने के कारण दुकानदार उन जाली नोटों के असली या नकली होने का फर्क महसूस नहीं कर पाता। तब तक तीनों बदमाश घटना को अंजाम देकर अपनी लोकेशन बदल देते थे।

### बिजली कटौती पर फूटा गुस्सा

# आक्रोश: ग्रामीणों ने GSS कार्यालय पर ताला जड़कर किया प्रदर्शन

**बेधड़क** | धौलपुर

अघोषित विद्युत कटौती से जूझ रहे सैंपऊ उपखंड के लोगों का आखिर रविवार को सब्र का बांध टूट गया। लोगों ने बिजली घर के जीएसएस कार्यालय पर ताला जड़कर जमकर नारेबाजी और हंगामा किया। बिजली घर के सामने स्थानीय लोगों ने जाम भी लगाया। प्रदर्शन को देख विद्युत निगम के कर्मचारी वहां से निकल गए।

करीब 1 घंटे तक ग्रामीणों का प्रदर्शन जारी रहा। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या को लेकर डिस्कॉम के जिम्मेदार अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीण विद्युत निगम पर मनमाने तरीके से बिजली की कटौती करने के आरोप लग रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रचंड गर्मी में अघोषित विद्युत कटौती से लोगों का जीवन दुश्वार हो गया है। पिछले 15 दिन से ये हालात देखे जा रहे हैं। शनिवार रात्रि को उपखंड मुख्यालय होते हुए महज 1 से 2 घंटे तक की बिजली आपूर्ति दी गई है, जिससे रविवार को स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट गया और जीएसएस कार्यालय पर भीड़ जमा हुई। लोगों ने विद्युत निगम के कर्मचारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रदर्शन किया। निगम के कार्यालय पर ग्रामीणों ने ताला भी जड़ दिया। स्थानीय ग्रामीण जितेंद्र परमार ने बताया कि भीषण गर्मी में हालात बदतर बन गए। रविवार रात्रि को बिजली विभाग की ओर से बिल्कुल भी सप्लाई नहीं दी गई है। महिला, बच्चे, बुजुर्ग सभी बेहाल हो रहे हैं। भीषण गर्मी के सीजन में पेयजल आपूर्ति भी निर्धारित समय पर नहीं मिलने से लोग बूंद बूंद पानी के लिए भटक रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर समस्या का समाधान जल्द किया तो उग्र आंदोलन करेंगे।



#### लोड बढ़ने से आई समस्या

एईएन पुष्पेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि सैंपऊ जीएसएस पर लोड अधिक होने की वजह से लाइन बार-बार ट्रिप हो रही है। क्षमता से अधिक लोड होने पर समस्या उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि मनिया 132 केवीए से फीडर को जोड़कर समस्या से निजात दिलाई जाएगी।

### पास की तीन दुकानें भी चपेट में, देवनानी ने लिया जायजा

# सिलेंडर फटने से रेस्टोरेंट में भीषण आग

**बेधड़क** | अजमेर

रेलवे स्टेशन के सामने रेस्टोरेंट में आग लगने से हड़कंप मच गया। वहीं, रेस्टोरेंट में गैस सिलेंडर फटने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। गनीमत रही की भीषण आग और गैस सिलेंडर के फटने के बावजूद कोई जनहानि नहीं हुई। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। बता दें कि शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग पर यह रेस्टोरेंट स्थित है।

हादसे की सूचना मिलने के बाद समीप ही क्लॉक टावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं सूचना के बाद पहुंची फायर ब्रिगेड कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की वजह से आस-पास की तीन दुकानों और बाहर खड़ी बुलेट बाइक भी आग की भेंट चढ़ गई। आगजनी की इस घटना में दुकानों को लाखों का नुकसान हुआ है। हादसे से 50 मीटर की दूरी पर स्थित एक गारमेंट्स की दुकान के मालिक अनूप शर्मा ने बताया कि आग लगने से क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। दुकानों के बाहर खड़े वाहनों को तुरंत हटा लिया गया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। उन्होंने बताया कि आग सिलेंडर के भभकने से लगना संभव है। दरअसल आग लगने के बाद तेज धमाके से गैस सिलेंडर फट गया। दूर तक धमाके की आवाज सुनी गई थी। इससे लोग सहम गए।



### हादसे के बाद बस चालक मौके से हुआ फरार

# बस की टक्कर से युवक की मौत, दूसरा घायल

**बेधड़क** | चाकसू

कस्बे के टोंक रोड़ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित जयसिंहपुरा नई तोड़ की ढाणी के पास रविवार सुबह एक तेज रफ्तार निजी बस ने बाइक को चपेट में ले लिया। इसके चलते बाइक सवार 2 जने गंभीर घायल हो गए।

दोनों को उपजिला अस्पताल चाकसू लाने पर चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे युवक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस मौक़े से क्षतिग्रस्त बाइक और बस को जब्त किया है। हादसे के बाद बस चालक मौक़े फरार हो गया। थाना प्रभारी कैलाश दान ने बताया निवाई कस्बे की शिवाजी कॉलोनी वार्ड-3 निवासी टीकाराम सैनी पुत्र गोपाल माली व रमेश उर्फ भोलूराम पुत्र पप्पूलाल सैनी बाइक पर सवार होकर घर की ओर लौट रहें थे। इसी बीच तेज रफ्तार निजी बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में टीका राम सैनी की मौत हो गई। गौरतलब हैं कि जिस बस से हादसा हुआ हैं वह कैलादेवी एक्सप्रेस निजी बस है जो कि रोडवेज की शक्ल में चाकसू कस्बे से होकर तेज रफ्तार में सरपट दौड़ती है। लोगों का आरोप हैं कि पूर्व में भी इन बसों द्वारा कई बार हादसे घटित हो चुके हैं, लेकिन इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके चलते बस चालकों के होसले बुलंद हो रहे हैं, जिससे लोगों की जान जोखिम में दिखाई दे रही है। पूर्व राज्यमंत्री विकेश खोलिया, नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी, पार्षद विनोद राजोरिया, पार्षद दिनेश शर्मा, एडवोकेट दुर्गाप्रसाद बैरवा, हनुमान सैनी सहित स्थानीय लोगों ने ऐसे लापरवाह वाहन चालको पर कठोर कार्रवाई करने की मांग उठाई।






### समाज में बदलाव की पहल

# मुस्लिम बेटियों को घोड़ी पर बिठाकर निकाली बिंदौरी

**बेधड़क** | झुंझुनूं

राजस्थान में बेटियों को बेटों के बराबर दर्जा देने के लिए अब शादियों में दुल्हनों को घोड़ी पर बैठाने की एक परंपरा शुरू हो गई है, लेकिन यह बदलाव की बयार अब ना केवल हिंदू परिवारों में, बल्कि मुस्लिम परिवारों में भी देखने को मिल रही है।

झुंझुनूं शहर में पहली बार मुस्लिम बेटियों को निकाह से पहले घोड़ी पर बैठाकर बिंदौरी निकाली गई। इस बदलाव की बयार का अगुवा झुंझुनूं शहर का निर्बाण परिवार बना है।

दरअसल झुंझुनूं के निर्बाण परिवार के इशाक निर्बाण की बेटी शबनम और फारूक निर्बाण की बेटी मुस्कान का रविवार को निकाह था। रात को मुस्कान के लिए कॉपर और शबनम के लिए झुंझुनूं शहर से बारात आई। इससे पहले मुस्कान और शबनम की इच्छा पर उनके परिवार के सदस्य फारूक निर्बाण, इदरीश निर्बाण और बिलाल मुंदोरी उन्हें घोड़ी पर बैठाकर बिंदौरी निकाली। इसके लिए बाकायदा डीजे भी मंगवाया गया। वहीं शादी के जोड़े से पहले दोनों बेटियों के सिर पर सेहरा भी सजाया गया।



#### दोनों बेटियों ने जताई खुशी

डीजे की धुन पर महिलाओं ने जमकर डांस किया और खुशी मनाई। इस खुशी के मौके पर मुस्लिम बेटियां मुस्कान और शबनम खुद को रोक नहीं पाई और उन्होंने भी डांस किया। निर्बाण परिवार के मुखिया फारूक निर्बाण ने बताया कि उन्हें उनकी बेटियां मुस्कान और शबनम ने जब बताया कि वह हिंदू परिवार की लड़कियों की तरह शादी से पहले घोड़ी पर बैठना चाहती है तो उन्होंने इसके लिए मना नहीं किया। बेटियों के सिर पर सेहरा सजाकर डीजे के साथ घोड़ी पर बैठाकर बिंदौरी निकाली गई। जिससे ना केवल बेटियां, बल्कि परिवार की सभी महिलाएं भी काफी खुश नजर आई।

#### बेटियों की बिंदौरी निकालने का चल पड़ा ट्रेंड

बेटी मुस्कान ने बताया कि निकाह से पहले उन्हें काफी मन था कि वे भी घोड़ी पर बैठे। यह सपना उनके पिता फारूक निर्बाण, चाचा इदरीश निर्बाण और बिलाल मुंदोरी ने पूरा किया है। जिसको शब्दों में बयां किया जाना मुश्किल है। आपको बता दें कि शादियों के सीजन में आज शेखावाटी के हर गांव, ढाणी और कस्बों में शादी से पहले बेटियों को घोड़ी पर बैठाकर बिंदौरी निकालने का ट्रेंड बन गया है। अब इस बदलाव और ट्रेंड की शुरूआत मुस्लिम परिवारों में भी हो गई है। जो बेटियों को सशक्त बनाने के लिए बड़ा कदम माना जा सकता है।

### राजस्थान उच्च न्यायालय का फैसला

# 35 साल पुराने रेप मामले में आरोपी बरी

**अजमेर।** राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश गणेश राम मीणा ने एक महत्त्वपूर्ण निर्णय देते हुए दो अपील का निस्तारण किया। अभियुक्तों की ओर से पैरवी भावना चौधरी बलवदा व सुनील शेखावत ने प्रवीण बलवदा की ओर से की।

मामले के अनुसार थाना किशनगढ़ अजमेर में 16.10.1989 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसमें आरोप था कि तीन सगे भाइयों में से एक ने पीड़िता से रेप किया व अन्य दो ने मारपीट की। अतिरिक्त सेशंस कोर्ट किशनगढ़ की ओर से 30.11.1993 दिए फैसले में अजयपाल को रेप का दोषी मानते हुए सात साल के कठोर कारावास से दंडित किया और उसके दोनों भाइयों को मारपीट का दोषी पाया। इसके बाद तीनों आरापियों की ओर से दो अपील उच्च न्यायालय में पेश की गई। इसमें कोर्ट ने रेप के आरोपी को बरी करते हुए मारपीट के अपराधियों की सजा बरकरार रखी ओर उन पर जुर्माना लगाया गया। एडवोकेट भावना चौधरी बलवदा ने कोर्ट में आरोपियों की ओर से बहस करते हुए कहा कि अभियुक्तों के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है, अतः उन्हें बरी किया जाए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि मेडिकल रिपोर्ट में भी किसी प्रकार की चोट पीड़िता के नहीं पाई गई है। वहीं रिपोर्ट में भी दुष्कर्म साबित नहीं हुआ।

## आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर शिविर

# योग

# 'जीवन के लिए संजीवनी और हमारी संस्कृति की पहचान'

### वीजीयू में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने किया योगाभ्यास

### आयुष मंत्रालय और वैश्विक योग एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ शिविर

बेधड़क | जयपुर

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के तहत वैश्विक योग एलायंस के सहयोग से 21 जून को विश्व भर में आयोजित होने वाले अंतराष्टीय योग दिवस में लोगों की अधिकाधिक भागीदारी बढाने और आमजन को योग के प्रति जागरूकता अभियान के तहत रविवार को विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्याथर्यों के साथ शिक्षकों और स्टाफ ने उत्साह के साथ शिविर में हिस्सा लिया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षकों ने स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योग की महत्ता बताई और विभिन्न प्रकार के योगासन और प्रणायाम कराए।

शिविर में क्षेत्रीय निदेशक-एनएसएस निदेशालय जयपुर, युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार सिंधु प्रकाश भटनागर, युवा अधिकारी, क्षेत्रीय निदेशालय एनएसएस-जयपुर, युवा मामले और खेल मंत्रालय कमल किशोर मक्कड़, वीजीयू के सीईओ इंजी. ओंकार बगरिया, एक्टिंग प्रेसीडेंट प्रो संतोष कुमार, प्रो. प्रेसीडेंट प्रो डीवीएस भगवानुलु, ग्लोबल योग एलायंस के अध्यक्ष गोपाल जी ने योग शिविर में हिस्सा लिया।








### पीएम मोदी के प्रयास से शुरू हुआ योग दिवस: बगरिया

इस अवसर पर वीजीयू के सीईओ इंजीनियर ओंकार बगरिया ने कहा कि योग हमारी संस्कृति की पहचान है। योग में ऐसे अनेक आसन हैं जिनको जीवन में अपनाने से कई बीमारियां समाप्त हो जाती हैं और खतरनाक बीमारियों का असर भी कम हो जाता हैं और पॉजिटिव एनर्जी भी देता है। उन्होंने कहा कि 21 जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रखे गए प्रस्ताव को 177 देशों ने पारित किया था, जिसके परिणाम स्वरूप हर साल 21जून 2015 को पूरी दुनिया में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।



### योग एक औषधि का काम करता है: भटनागर

क्षेत्रीय निदेशक, एनएसएस सिंधु प्रकाश भटनागर, ने कहा कि आज के प्रदूषित वातावरण में योग एक ऐसी औषधि है, जिसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है योग जीवन के लिए संजीवनी है। हमारे देश की ऋषि परंपरा योग को आज विश्व भी अपना रहा है।

### तनाव मुक्त करता है योग: कुमार

वीजीयू एक्टिंग प्रेसीडेंट प्रो संतोष कुमार ने विद्यार्थियों को योग के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि योग के माध्यम से आत्मिक संतुष्टि, शांति और ऊर्जावान चेतना की अनुभूति प्राप्त होती है, जिससे हमारा जीवन तनाव मुक्त तथा हर दिन सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ता है।

### शिविर में शरीक हुए 800 लोग

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए आम जन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 100 दिन का देशव्यापी अभियान के तहत वीजीयू में यह शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 800 विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ ने हिस्सा लिया।

## Yuva स्टोरीज

### जयपुर के जनकपुरी स्थित ज्योतिनगर जैन मन्दिर में हुआ धार्मिक आयोजन

## मंगलाचरण में समझाई पांच पदों के नमोकार मंत्र की महिमा



बेधड़क | जयपुर

जयपुर के जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मन्दिर में संत श्री सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में चल रहे श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर में गायिका समता गोदिका ने 5 पद वाले महामंत्र नमोकर की महिमा समझाई।

उन्होंने कहा कि नमोकार प्राणी मात्र का खेवनहार व समस्त कष्ट व दुखों का तारणहार है। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया, कि अब शिविर की आखिरी क्लास होगी और मंगलवार को परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। वरिष्ठ पत्रकार राकेश गोदिका व गायिका समता गोदिका के शिविर में अभिनंदन किया गया। उन्होंने आचार्य श्री शशांक सागर मुनिराज से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर अन्ताक्षरी कार्यक्रम के विजेता सिद्ध ग्रुप के सदस्यों को पुरस्कार दिए गए और नाटिका की व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रिया साखूनियां को दी गई।

शांति देवी सुरेश शाह परिवार तथा प्रमोद राजकुमारी पाटनी परिवार द्वारा रविवार को शिविर में मंत्रोचारण के साथ दीप प्रज्वलन किया गया। सभी का सम्मान जे के जैन, सोभाग अजमेरा, तारा चंद गोधा, दीपिका जैन बिलाला, श्वेता बडजात्या, अर्चना छाबड़ा आदि ने किया।

## एंटीक म्यूजियम में देखी विरासत की कला

**जयपुर**। जब बच्चे एंटीक म्यूजियम में पहुंचे तो उनकी आंखें चारों ओर विरासत को देखती रही। फिर जब विशेषज्ञों ने उनको म्यूजियम की जानकारी देते हुए टिप्स दिए तो वे रोमांचित नजर आए। नजारा था कला एवं संस्कृति विभाग राजस्थान सरकार, राजस्थान ललित कला अकादमी, नाटय विभाग हिमालयीय विश्वविद्यालय देहरादून, उत्तराखंड और क्यूरियो चिल्ड्रंस थिएटर की ओर से 17वें कोलाज ऑफ किलकारी चिल्ड्रंस-टीनेजर्स थिएटर वर्कशॉप में अतितराग एंटीक म्यूजियम में एस्थेटिक्स और मोरल वैल्यू सेशन का। पेपरमैन के नाम से मशहूर विनय शर्मा ने सेशन को संबोधित किया। उन्होंने बच्चों की परवरिश, माता पिता की समझदारी, एंटीक चीजों की वैल्यू आदि के बारे में बताया।

### राजस्थान बोर्ड 10वीं कक्षा का रिजल्ट 2024 जल्द करेगा जारी

## स्टूडेंट्स का इंतजार होने जा रहा है खत्म

बेधड़क | नई दिल्ली/जयपुर

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (आरबीएसई) की तरफ से जल्द ही राजस्थान बोर्ड कक्षा 10वीं रिजल्ट जारी किया जाएगा। आरबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल विद्यार्थी अपना रिजल्ट बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइटों rajeduboard.rajasthan.gov.in और rajresults.nic.in पर जाकर चेक कर सकेंगे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बोर्ड ने उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा कर लिया है और आरबीएसई जल्द ही 10वीं कक्षा के नतीजे घोषित कर सकता है। हालांकि, आरबीएसई 10वीं रिजल्ट 2024 की समय और तारीख की आधिकारिक पुष्टि अभी तक बोर्ड ने नहीं की है। राजस्थान बोर्ड 10वीं रिजल्ट चेक करने के लिए छात्रों को अपने प्रवेश पत्र पर दिए गए रोल नंबर, जन्म तिथि और पंजीकरण संख्या दर्ज करके आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन करना होगा।



### 12वीं के नतीजे आ चुके हैं

इस साल राजस्थान बोर्ड की 10वीं की परीक्षा 7 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित की गई थी। राजस्थान बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा के नतीजे 20 मई को जारी किए जा चुके हैं। अब छात्रों को 10वीं के नतीजों का इंतजार है।

### मेरिट लिस्ट नहीं होगी जारी

राजस्थान बोर्ड 10वीं रिजल्ट 2024 में टॉपर्स की सूची जारी नहीं की जाएगी, न ही मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। हालांकि अच्छे नंबर लाने वालों को राजस्थान बोर्ड की ओर से छात्रवृति दी जाएगी। दरअसल रीचेकिंग और कंपार्टमेंट एग्जाम के बाद राजस्थान बोर्ड मेरिट होल्डर्स के मार्क्स बदल जाते हैं, इसलिए बोर्ड टॉपर्स लिस्ट जारी नहीं करता है।



### रिजल्ट डाउनलोड का तरीका

- सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट rajresults.nic.in पर जाएं।
- होमपेज पर 'आरबीएसई कक्षा 10 परीक्षा परिणाम' लिंक पर क्लिक करें।
- अब अपना लॉगिन क्रेडेंशियल रोल नंबर, जन्म तिथि और पंजीकरण संख्या दर्ज करें।
- इसके बाद 'सबमिट' बटन दबाएं।
- आरबीएसई कक्षा 10 का परिणाम स्क्रीन पर दिखाई देगा।
- आरबीएसई कक्षा 10वीं रिजल्ट डाउनलोड करें।
- अब आरबीएसई कक्षा 10 रिजल्ट का स्क्रीनशॉट और प्रिंटआउट लें।

### 2023 में बेटियों ने मारी थी बाजी

बता दें कि साल 2023 में राजस्थान बोर्ड कक्षा 10वीं की परीक्षा में कुल 90.49 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए थे। इनमें लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 91.3 प्रतिशत रहा, जबकि लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 89.78% था।

## जिपमैट सिटी इंटिमेशन जारी, 6 को होगी परीक्षा



बेधड़क | नई दिल्ली

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने ज्वाइंट इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट (जिपमैट) 2024 के लिए सिटी इंटिमेशन स्लिप जारी कर दी है। जिपमैट 2024 के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट exams.nta.ac.in/JIPMAT पर अपनी परीक्षा सिटी इंटिमेशन स्लिप देख और डाउनलोड कर सकते हैं। जिपमैट 2024 एनटीए द्वारा 6 जून को आयोजित की जाएगी। उम्मीदवारों को जिपमैट सिटी इंटिमेशन स्लिप 2024 की जांच और डाउनलोड करने के लिए अपने आवेदन संख्या और जन्म तिथि का उपयोग करना आवश्यक है। एनटीए ने कहा है कि उम्मीदवार कृपया ध्यान दें कि यह जिपमैट 2024 के लिए प्रवेश पत्र नहीं है।

### डीयू में प्रवेश | दिल्ली विश्वविद्यालय ने जारी किया स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश का नया शेड्यूल

## पीजी काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन की लास्ट डेट बढ़ाकर की पांच जून

- डीयू की वेबसाइट पर देखा जा सकता है नोटिफिकेशन
- SC/ ST/ पीडब्ल्यूडी व खेल कोटा के छात्रों का शुल्क 100 रुपए
- सामान्य/ ओबीसी/ ईडब्ल्यूएस वर्ग के कैंडिडेट की फीस 250 रुपए

बेधड़क | नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) कोर्स में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम बढ़ा दी है। दिल्ली यूनिवर्सिटी द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार अब कैंडिडेट डीयू पीजी एडमिशन 2024 के लिए 5 जून 2024 तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

डीयू ने कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम फॉर पोस्टग्रेजुएट्स 2024 (CSAS PG 2024) के साथ ही बीए एलएलबी (ऑनर्स), बीबीए एलएलबी (ऑनर्स) और बीटेक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन की लास्ट डेट बढ़ा दी है। अधिक जानकारी के लिए छात्र डीयू की वेबसाइट पर जाकर नोटिफिकेशन देख सकते हैं।



इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट admission.uod.ac.in पर जाकर काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन के लिए DU PG 2024 आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। सामान्य/ ओबीसी/ ईडब्ल्यूएस वर्ग के कैंडिडेट को 250 रुपए शुल्क देना होगा। वहीं, एससी/ एसटी/ पीडब्ल्यूडी व खेल कोटा के छात्रों को 100 रुपए शुल्क का भुगतान करना होगा।

### 13,500 सीटें पीजी पाठ्यक्रमों में

दिल्ली विश्वविद्यालय प्रवेश 2024 के माध्यम से कुल 13,500 पीजी पाठ्यक्रमों की सीटें भरी जाएंगी। इनमें गैर-कॉलेजिएट महिला शिक्षा बोर्ड में 120 सीटों वाले तीन बीटेक कोर्स और 60 सीटों वाले दो बीबीए एलएलबी और बीए एलएलबी पाठ्यक्रम शामिल हैं। इसके अलावा, डीयू पीजी एडमिशन 2024 के लिए एमए हिंदू अध्ययन, एमए पब्लिक हेल्थ, एमए चाइनीज स्टडीज, एमए कोरियन स्टडीज और मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स के पाठ्यक्रम भी उपलब्ध होंगे। बता दें कि, डीयू पीजी एप्लीकेशन फॉर्म भरने वाले कैंडिडेट 12 जून तक आवेदन फॉर्म में व्यक्तिगत और शैक्षणिक विवरण में बदलाव कर सकेंगे।

### यह कहा गया है नोटिस में


नोटिस में कहा गया कि, "लोकसभा चुनाव-2024 के चलते सीएसएएस पीजी, बीए एलएलबी (ऑनर्स), बीबीए एलएलबी (ऑनर्स) और बीटेक कार्यक्रमों के लिए 5 जून रात 11:59 बजे तक रजिस्ट्रेशन की तिथि बढ़ा दी गई है। आवेदन सुधार प्रक्रिया 5 जून से 12 जून 2024 के बीच आयोजित की जाएगी।"

# हमें मिले-जुले राष्ट्र का निर्माण करना चाहिए



**ज़ाहिद ख़ान**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

आज पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के स्मृति दिवस पर विशेष।




पंडित जवाहर लाल नेहरू का भारतीय इतिहास में अविस्मरणीय योगदान है। परतंत्र भारत में पंडित नेहरू की अहमियत जहां देश को आज़ाद कराने के लिए किए गए उनके अथक प्रयासों के चलते है, तो वहीं स्वतंत्र भारत में प्रधानमंत्री के रूप में उनके द्वारा आधुनिक जीवन मूल्यों के प्रचार-प्रसार की वजह से। नेहरू, देश को वैज्ञानिक ख़ोजों और तकनीकी विकास के आधुनिक दौर में ले जाने के लिए दृण संकल्पित थे। उन्होंने देशवासियों में दलित, पिछड़े और हाशिए से नीचे रहने वाले वंचित जनों के प्रति जागरूकता पैदा करने का महती कार्य किया। लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी अगाध आस्था थी और वे चाहते थे यही आस्था देशवासियों के दिल में भी हो। लिहाज़ा इसके लिए उन्होंने अनथक प्रयास किए। नेहरू, समाजवादी विचारधारा से बेहद प्रभावित थे। समाजवादी विचारधारा का ही प्रभाव था कि उन्होंने भारत मे लोकतांत्रिक समाजवाद की स्थापना का लक्ष्य रखा। लोकतंत्र, समाजवाद, एकता और धर्मनिरपेक्षता उनकी घरेलू नीति के चार ठोस स्तंभ थे। अपनी ज़िंदगी के आख़िरी वक़्त तक वे इन्हीं नीतियों पर क़ायम रहे। जातीय तथा धार्मिक विभिन्नताओं के बावजूद जवाहरलाल नेहरू ने हमेशा देश की एकता और अखंडता पर जोर दिया। वे साम्प्रदायिकता के घोर विरोधी थे। उनकी नज़र में संस्कृति के अलग ही मायने थे। संस्कृति को परिभाषित करते हुए उन्होंने कहा था,''संस्कृति का मतलब है-मन और आत्मा की विशालता और व्यापकता। इसका मतलब दिमाग़ को तंग रखना, या आदमी या मुल्क की भावना को सीमित करना कभी नहीं होता।'' नेहरू मौजूदा दौर के राजनेताओं की तरह उथले विचारों वाले नेता नहीं थे, न ही वे बड़बोले थे। वे जो भी बोलते, सोच—समझकर बोलते। नेहरू के विचारों के पीछे उनका गहरा अध्ययन-मनन साफ़ झलकता था। वे एक गंभीर विचारक थे। हर मौज़ू पर उनकी एक स्पष्ट राय थी। नेहरू द्वारा समय-समय पर दिए गए भाषणों का यदि अध्ययन करें, तो मालूम चलता है कि उनकी सोच अपने समय से कितनी आगे थी। किसी भी मसले पर उनके विचार देख लीजिए, वे जितने उस वक़्त प्रासंगिक थे, आज उससे भी कहीं ज़्यादा प्रासंगिक हैं।

जवाहरलाल नेहरू साम्प्रदायिकता को पिछड़ेपन की निशाने मानते थे। 19 जुलाई, 1961 को श्रीनगर में दिए अपने भाषण में कश्मीरवासियों को समझाइश देते हुए उन्होंने कहा था,''राजनीति में धर्म या मज़हब को लाना और देश को तोड़ना वैसा ही है, जैसा कि तीन सौ या चार सौ वर्ष पहले यूरोप में हुआ था। भारत में हमें इस चीज़ से अपने आपको दूर रखना होगा।'' अपने इसी भाषण में वे उन लोगों को आग़ाह करते हैं, जो राष्ट्रवाद की सतही परिभाषा करते हैं,''साम्प्रदायिकता के साथ राष्ट्रवाद जीवित नहीं रह सकता। राष्ट्रवाद का मतलब हिंदू राष्ट्रवाद, मुस्लिम राष्ट्रवाद या सिख राष्ट्रवाद कभी नहीं होता। ज्यों ही आप हिंदू, सिख, मुसलमान की बात करते हैं, त्यों ही आप हिंदुस्तान के बारे में बात नहीं कर सकते।'' ज़ाहिर है उनकी नज़र में राष्ट्रवाद की परिभाषा संकीर्ण नहीं। भारत का जिस तरह का चरित्र है, उसमें सिर्फ़ हिंदू राष्ट्रवाद की बात करना, अंततः देश को नुकसान पहुंचाना है। हिंदुस्तान का तसव्वुर किसी एक धर्म को लेकर नहीं किया जा सकता। ये देश कई धर्मों और पंथों से मिलकर बना है। इसी भाषण में वे आगे कहते हैं,''अलगाव हमेशा भारत की कमज़ोरी रही है। पृथकतावादी प्रवृतियां चाहे वे हिंदुओं की रही हों या मुसलमानों की, सिखों की या और किसी की, हमेशा ख़तरनाक और ग़लत रही हैं। ये छोटे और तंग दिमाग़ों की उपज होती हैं। आज कोई भी आदमी जो वक़्त की नब्ज़ पहचानता है, साम्प्रदायिक ढंग से नहीं चल सकता।''

राजनीति और धर्म का क्या रिश्ता होना चाहिए ? इस विषय पर लंबे समय से बहस चलती रही है। आज भी यह बहस बदस्तूर ज़ारी है। आज़ादी के बाद संविधान सभा में इस सवाल पर बाक़ायदा एक विस्तृत बहस हुई। संविधान सभा के एक सदस्य अनन्तशयनम आयंगर ने जब अपने एक प्रस्ताव जिसमें उन्होंने धर्म, मज़हब, जाति और बिरादरी के आधार पर हर वर्ग की साम्प्रदायिक गतिविधियों को रोकने के लिए कानूनी और प्रशासकीय क़दम उठाए जाने की बात की, तो इस बहस में हिस्सा लेते हुए 3 अप्रैल, 1948 को अपने विधायी भाषण में पंडित नेहरू ने कहा,''राजनीति और मज़हब का (संकीर्ण से संकीर्ण मायने में) गठबंधन सबसे ज़्यादा ख़तरनाक गठबंधन है और इसको ख़त्म कर देना चाहिए। इससे साम्प्रदायिक राजनीति पनपती है। इस बारे में कोई भी शिकायत नहीं होना चाहिए। यह साफ़ है कि जैसा माननीय प्रस्तावक ने कहा है कि यह गठजोड़ सारे मुल्क के लिए नुकसान देने वाला है। यह बहुमत के लिए भी हानिकर है लेकिन संभवतः यह उस अल्पसंख्यक वर्ग के लिए नुकसानदेह है, जो इससे कुछ फ़ायदा लेना चाहता है।''' ज़ाहिर है कि पंडित नेहरू सियासत में मज़हब के इस्तेमाल के मुख़ालिफ़ थे। वे इस गठबंधन को बेहद ख़तरनाक मानते थे। न सिर्फ़ बहुसंख्यक वर्ग के लिए, बल्कि अल्पसंख्यक वर्ग के लिए भी।

संघ परिवार, आज जिस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद या हिंदू राष्ट्रवाद की बात करता है, उस राष्ट्रवाद के पंडित नेहरू घोर विरोधी थे। उनकी यह सोच अचानक नहीं बनी थी। उन्होंने दुनिया के कई देशों की सियासत का अच्छी तरह से अध्ययन किया था, तब जाकर वे इस नतीजे पर पहुंचे थे।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### बढ़ते तापमान का नया संकट 'ऊष्मा-द्वीप'

# बढ़ती गर्मी से शहरों में रहना हुआ मुश्किल



**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

*"सीएसई ने देश में अलग-अलग जलवायु वाले नौ शहरों के अध्ययन में पाया कि जयपुर जैसे शहर में ज्यादा तापमान वाले दिनों में शहर का 99.52 प्रतिशत हिस्सा गर्म हवाओं के केंद्र में आकर ऊष्मा-द्वीप बन जाता है। सतत आवास कार्यक्रम (सस्टेनेबल हैबिटैट प्रोग्राम) के निदेशक रजनी सरीन का कहना है कि हीट सेंटर उस क्षेत्र को कहते हैं जहां जमीनी सतह का तापमान (एलएसटी) छह साल या उससे अधिक समय में बार-बार मैदानी इलाकों में 45 डिग्री से ऊपर दर्ज किया जा रहा है।"*

श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार तेज गर्मी या प्रलय आने पर सांवर्तक सूर्य अपनी प्रचंड किरणों से पृथ्वी, प्राणी के शरीर, समुद्र और जल के अन्य स्रोतों से रस यानी नमी खींचकर सोख लेता है। नतीजतन उम्मीद से ज्यादा तापमान बढ़ता है, जो गर्म हवाएं चलने का कारण बनता है। यही हवाएं लू कहलाती हैं। परंतु अब यही हवाएं देश के पचास से ज्यादा शहरों को 'ऊष्मा-द्वीप' (हीट आइलैंड) में बदल रही हैं। राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, हिमाचल प्रदेश और मध्यप्रदेश में पारा 43 से 47 डिग्री के बीच बना हुआ है। राजस्थान के बाड़मेर में दिन का तापमान 48 डिग्री और हिमालय की शीतल घाटी कश्मीर में गरम हवाओं के चलते तापमान 34 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ और दिन यही तापमान बने रहने की घोषणा कर दी है। आमतौर से गरम हवाएं तीन से आठ तीन चलती हैं और एक-दो दिन में बारिश हो जाने से तीन-चार दिन राहत रहती थी, लेकिन इस बार गरम हवाएं चलने की निरंतरता बनी हुई है। जिसने कई शहरों को ऊष्मा-द्वीप में बदलकर रहने लायक नहीं रहने दिया है। इसके प्रमुख कारणों में शहरीकरण का बढ़ना और हरियाली का क्षेत्र घटना माना जा रहा है।

ज्यादातर उश्मा-द्वीप घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में आमद दर्ज करा रहे हैं। ऐसे इलाकों में बाहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक तापमान का सामना करना पड़ता है। ऊंची इमारतें, सीसी की सड़के, पैदलपथ और अन्य बुनियादी ढांचागत विकास इसके लिए दोशी हैं। यह विकास जल निकायों जैसे प्राकृतिक परिदृष्यों की तुलना में सूर्य की गर्मी को अधिक अवषोशित कर, फिर इस गर्मी का उत्सर्जन करते हैं। ऐसे में हरियाली कम होने के कारण ये उच्च ताप वाले क्षेत्र उश्मा-द्वीप में परिवर्तित हो जाते हैं। इन क्षेत्रों में दिन का तापमान लगभग 1-7 डिग्री और रात्रि का तापमान लगभग 2-5 डिग्री तक बढ़ जाता है। इस तापमान के बढ़ने के कारणों में कारों और अन्य वाहनों का दिन-रात आग उगलते रहना भी माना जा रहा है। एसी और फ्रिज भी निरंतर कार्बनडाइ ऑक्साइड उगल रहे हैं।




वैसे सामान्य स्थिति में द्वीप का अर्थ समुद्री या नदी-घाटियों में पानी से घिरे उस ऊंचे स्थल से लिया जाता है, जिसके चारों ओर जल भरा होता है। लेकिन अब उश्मा-द्वीप वह शहरी इलाके कहलाने लगे हैं, जो बड़े तापमान से झुलझ रहे हैं।

सीएसई ने देश में अलग-अलग जलवायु वाले नौ शहरों के अध्ययन में पाया कि जयपुर जैसे शहर में ज्यादा तापमान वाले दिनों में शहर का 99.52 प्रतिशत हिस्सा गर्म हवाओं के केंद्र में आकर ऊष्मा-द्वीप बन जाता है। सतत आवास कार्यक्रम (सस्टेनेबल हैबिटैट प्रोग्राम) के निदेशक रजनी सरीन का कहना है कि हीट सेंटर उस क्षेत्र को कहते हैं जहां जमीनी सतह का तापमान (एलएसटी) छह साल या उससे अधिक समय में बार-बार मैदानी इलाकों में 45 डिग्री से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। महानगरों में हरियाली और जल-संरचनाओं का क्षेत्र कम होने से हीट सेंटर का विस्तार हो रहा है। खासतौर से शहरों में जो तत्व हरियाली और अद्रता बनाए रखते थे, जिनमें तालाब, नदी-झीलें शामिल हैं का अस्तित्व सिमटता जा रहा है। यह जलभराव गर्मी से बचाव करता था। इनके सिमटने से शहरों में और शहरों के आस-पास बंजर भूमि और ईंट, सीमेंट, कंक्रीट के जंगल बढ़ते जा रहे हैं। जो गर्मी बढ़ाने का काम कर रहे हैं। सीएसई ने नागपुर, अहमदाबाद, चेन्नई, पुणे, जयपुर, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता और भुवनेश्वर में यह सर्वेक्षण किया है। लेकिन जिन शहरों में इस नजरिए से सर्वे नहीं हो पाया है, वे भी ऐसे ही हालातों के षिकार हो सकते है ?

मानव निर्मित प्रदूशण से जुड़ी इस आपदा के कारणों में आधुनिक विकास और बढ़ता शहरीकरण है। इन्हीं कारणों से हवाएं आवारा होकर लू का रूप लेने लगी हैं। लेकिन हवाएं भी भला आवारा होती हैं ? वे तेज ,गर्म व् प्रचंड होती हैं। जब प्रचंड से प्रचंडतम होती हैं तो अपने प्रवाह में समुद्री तूफान और आंधी बन जाती हैं। सुनामी जैसे तूफान इन्हीं आवारा हवाओं के दुष्परिणाम हैं। अमेरिका के नेशनल ओसियानिक एंड एटमॉसफेरिक एडमिनिस्ट्रेशन की रिपोर्ट के अनुसार भारत ही नहीं दक्षिण एषिया के कई देश गरम हवाओं से जूझ रहे हैं। इन देशों में गरम हवाएं चलने की आशंका 45 गुना बढ़ गई है। इन देशों में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और म्यांमार शामिल है। वियतनाम में तो हालात इतने बद्तर हो गए हैं कि गर्मी की वजह से कई तालाब पूरी तरह सूख गए हैं और लाखों टन मछलियां मर गई हैं। सरकार ने लोगों को घरों में रहने की हिदायत दी है। पश्चिम एषिया के देश सीरिया, इजराइल, फिलिस्तीन, जॉर्डन और लैबनान में गरम हवाएं पांच गुना बढ़ सकती हैं। एशिया में घातक गरम हवाएं लगातार चलने का यह तीसरा वर्श है। इसकी एक वजह अलनीनो भी मानी जा रही है। प्रशांत महासागर से आने वाली गरम हवाओं की वजह से दुनिया में गरम हवाएं चल रही हैं। अभी हाल ही में अमेरिका के आयोबा राज्य में गरम हवाओं के तूफान से ग्रीन फील्ड नगर में कई मौतें हो गई हैं। इस बवंडर ने शहर के एक बहुत बड़े हिस्सों को पूरी तरह तबाह कर दिया है।

आजकल आवारा पूंजी की तरह हवाएं भी आवारा होकर भारत के एक बड़े भू-भाग में मचल रही हैं। तापमान 40 से 50 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है, जो लोगों को पस्त कर रहा है। अतएव हरेक जुबान पर प्रचंड धूप और गर्मी जैसे बोल आमफहम हो गए हैं। हालांकि लू और प्रचंड गर्मी के बीच भी एक अंतर होता है। गर्मी के मौसम में ऐसे क्शेत्र जहां तापमान, औसत तापमान से कहीं ज्यादा हो और पांच दिन तक यही स्थिति यथावत बनी रहे तो इसे 'लू' कहने लगते हैं। मौसम की इस असहनीय विलक्षण दशा में नमी भी समाहित हो जाती है। यही सर्द-गर्म थपेड़े लू की पीड़ा और रोग का कारण बन जाते हैं। किसी भी क्षेत्र का औसत तापमान, किस मौसम में कितना होगा, इसकी गणना एवं मूल्यांकन पिछले 30 साल के आंकड़ो के आधार पर की जाती है। वायुमंडल में गर्म हवाएं आमतौर से क्षेत्र विशेष में अधिक दबाव की वजह से उत्पन्न होती हैं। वैसे तेज गर्मी और लू पर्यावरण और बारिश के लिए अच्छी होती हैं। अच्छा मानसून इन्हीं आवारा हवाओं का पर्याय माना जाता है, क्योंकि तपिश और बारिश में गहरा अंतर्संबंध है।

हवाएं गर्म या आवारा हो जाने का प्रमुख कारण ऋतुचक्र का उलटफेर और भूतापीकरण (ग्लोबल वार्मिंग) का औसत से ज्यादा बढ़ना है। इसीलिए वैज्ञानिक दावा कर रहे हैं कि इस बार प्रलय धरती से नहीं आकाशीय गर्मी से आएगी। आकाश को हम निरीह और खोखला मानते हैं, किंतु वास्तव में यह खोखला है नहीं। भारतीय दर्शन में इसे पांचवां तत्व यूं ही नहीं माना गया है। सच्चाई है कि यदि परमात्मा ने आकाश तत्व की उत्पत्ति नहीं की होती, तो संभवतः आज हमारा अस्तित्व ही नहीं होता। हम श्वास भी नहीं ले पाते। पृथ्वी, जल, अग्नि और वायु ये चारों तत्व आकाश से ऊर्जा लेकर ही क्रियाशील रहते हैं। ये सभी तत्व परस्पर परावलंबी हैं।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### नॉलेज कॉर्नर: गर्मी में बढ़ा हमारे फ्रिज का काम

# अपनाएंगे ये तरकीब तो वर्षों चलेगा फ्रिज

गर्मी की वजह से देशभर में लोगों का बुरा हाल है। फिलहाल लोगों को गर्मी से राहत मिलती नहीं दिख रही है। ऐसे में घर में रखे फ्रिज का काम बढ़ गया है। इस समय लोग न सिर्फ खाने-पीने की चीजों को बचाने के लिए फ्रिज का इस्तेमाल कर रहे हैं, बल्कि पानी को ठंडा करने के लिए भी कर रहे हैं। वैसे घरों में फ्रिज का इस्तेमाल लगभग सालभर होता है, लेकिन गर्मी के मौसम में इसके बिना किचन का काम करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में जरूरी है कि इसका ख्याल रखा जाए और इसे ठीक से इस्तेमाल किया जाए। अगर आप अपने फ्रिज का ध्यान ठीक से रखेंगे, तो यह बिना रिपेयरिंग या रिप्लेस किए सालों तक अच्छा चलता रहेगा। अगर आप गर्मी के मौसम में फ्रिज का इस्तेमाल कर रहें हैं और चाहते हैं कि आपका फ्रिज लंबे समय तक चले और गर्मी के मौसम में तो बिल्कुल भी खराब न हो तो आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आपकी फ्रिज बिना किसी खराबी के लंबे समय तक चल सकती है।

#### ढीली रबर सील को करें चेंज

अगर आप चाहते हैं कि आपका फ्रिज लंबे समय तक चले और उसमें कोई खराबी न आए तो फ्रिज के दरवाजे पर लगी रबर सील को हर 12 महीने में चेक करें और अगर वह ढीली हो जाए या कहीं से फट गई हो तो उसे रिप्लेस करें। अगर आप रेफ्रिजरेटर की रबर सील को नहीं बदलवाते हैं तो इससे फ्रिज पानी ठंडा नहीं करेगी और उसके कंप्रेसर पर भी ज्यादा लोड आएगा। फ्रिज को खराब होने से बचाने के लिए उसके कंडेनसर कॉइल्स को साल में कम से कम दो बार साफ करना चाहिए। इससे



फ्रिज की लगभा 70 प्रतिशत समस्या दूर हो जाती है। दरअसल, फ्रिज की कॉइल्स और फैन में धूल इकट्ठा होने के कारण कंडेनसर काम करना बंद कर देता है और फ्रिज ठीक से कूलिंग नहीं देती।

#### 38 से 42 डिग्री फारेनहाइट के बीच में रखें

फ्रिज की टेम्परेचर सेटिंग्स को हमेशा 38 से 42 डिग्री फारेनहाइट के बीच में रखें। साथ ही फ्रिज की टेम्परेचर कंट्रोल सेटिंग्स को लगातार चेक करते रहें और ख्याल रखें कि उसपर ज्यादा लोड न पड़े। अगर आप ऐसा करते हैं, तो इससे आपके फ्रिज में खराबी नहीं आएगी। फ्रिज को खराब होने से बचाने के लिए समय-समय पर डिफ्रॉस्टिंग करते रहें। डिफ्रॉस्टिंग करने से आपके फ्रिज में बिल्ड अप नहीं होता है और फ्रिज कम बिजली खाती है।

#### फ्रीजर के वेंट्स की करें सफाई

*फ्रीजर के वेंट्स की सफाई न करने पर उसमें कूलिंग की समस्या आने लगती है। इससे बचने के लिए जरूरी है कि आप वेंट्स को साफ करते रहें। वेंट्स की सफाई करने से फ्रीजर में वेंटिलेशन बना रहता है। इसके अलावा इससे बिजली की बचत भी होती है।*

*कंटेंट: गोपाल शर्मा*

### व्यंग्य

# सत्ता में आने दो



**पूरन सरमा**
व्यंग्यकार

सभी राजनीतिक दलों को इस समय एक ही चिन्ता सता रही है कि उन्हें सत्ता में आने दो। बिना सत्ता में आये वे कुछ नहीं कर सकते हैं। सत्ता ही समाधान की ऐसी सीढ़ी है जिसके द्वारा जन कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होता है। वे अपने इर्द-गिर्द खड़ी भीड़ को हटाते हुए यही तो कह रहे हैं कि सामने से हट जाओ और उन्हें सत्ता में आने दो। वे सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं। सत्ता उनका ईमान और धर्म है। सत्ता उनके जीवन का आदर्श और अंतिम लक्ष्य है। वे सत्ता में आने वाले तमाम रोड़ों-अड़चनों को राजी-बेराजी, साम, दाम, दण्ड और भेद की नीति से हटाने को पूर्णतया तत्पर हैं। सत्ता जीवन का सत्य और चरम है। तभी तो वे कुछ कर पायेंगे। मसलन परिवारजनों को नौकरी, ठेका, परमिट, लायसेंस देना है तो अपनी सात पीढ़ियों के लिए माकूल प्रबन्ध भी करके जाना है ताकि उन्हें भीख का कटोरा हाथ में न लेना पड़े। सत्ता में शरीर फूल कर कुप्पा हो जाता है। गोल-मटोल चेहरे पर छोटी-छोटी दो आँखें गिद्द दृष्टि से भी ज्यादा तेज और चालाक हो जाती हैं। सत्ता से मोतियाबिन्द नहीं होता। तमाम रोग बिना सत्ता के होते हैं, इसलिए वे सत्ता को चाहते हैं। इसके लिए वे बार-बार अन्तरात्मा की आवाज पर दल बरलते हैं। सिद्धान्तों को धूल चटाते हैं और खुद थूक कर चाटते हैं। उन्हें सत्ता का इतना जबरदस्त फोबिया है कि वे हार जाने पर भी राजनीति नहीं छोड़ते। यही क्यों बात-बात में राजनीति करना उनकी आदत है।

सत्ता की ही देन है कि उनके पास भौतिक सुख सुविधाओं को अथाह भंडार है। कई फैक्ट्रियाँ, कई होटलें, बड़े-बड़े शहरों में विशाल कोठियाँ और फार्म हाउस। उनके बच्चे महँगे स्कूलों में पढ़ते हैं, कारों में घूमते हैं तथा विदेशों में सैर सपाटे को जाते हैं। वे खुद भी हवाई जहाजों में घूमते हैं तथा सर्वोच्च शिखर पर बने रहे कर देश को धोखेबाजी का अपना ताण्डव दिखाते हैं। उनका पूरा जीवन पाखण्ड और छलावे से भरा है। यह सब चलता रहे, इसलिए उन्हें सत्ता में आने दो। उनका कहना है कि वे वर्षों तक विपक्ष में बैठ कर गाल बजाते रहे और दाँत पीसते रहे। सत्ता के लिए साम्प्रदायिकता फैलाते हैं। दो वर्गों को लड़ा कर अपना वोट बैंक सुनिश्चित करते हैं। लूटपाट करवाते हैं, हत्या, आगजनी और बदलात् घटनाओं की बार-बार पुरारावृत्ति भी।

वे ही तो जातीयता, क्षेत्रीयता और भाषा का सवाल उठाकर अपना उल्लू सीधा करते हैं। सत्ता के लिए परसंहार करवाना उनके बायें हाथ का खेल है, फिर उनके पास तो अभी दायाँ हाथ भी है। उसे काम में लेते हैं तो भ्रष्टाचार और घोटाला दर घोटाला किये चले जाते हैं। भ्रष्टाचार सत्ता के लिए परम आवश्यक तत्त्व व घटक है। इसी काले धन से तो वे चुनाव जीतते हैं। अपने दल का बहुमत जुटाते हैं, क्योंकि उन्हें सत्तारूढ़ होना है। वे करें भी क्या ? सत्ता उनका व्यवसाय है। वे इसी से चलाते हैं जीविका। राजनीति धंधा है, उन्हें पागल कुत्ते ने नहीं खाया है, जो चुनाव में पचास लाख खर्च करेंगे। जनसेवा करना डॉक्टर ने नहीं बताया है। देश को आजाद कराने जैसा दायित्व तो उनके कंधों पर है नहीं। उन्हें तो सत्ता के माध्यम से धन सूँतना है-इसलिए उन्हें सत्ता में आने दो।

सत्ता में आयेंगे तो वे दूध का दूध और पानी का पानी कर देंगे। सारे घोटालों का पर्दाफाश करेंगे जिससे तुम्हें बहुत संतुष्टि मिलेगी। तुम्हें और चाहिए भी क्या ? केवल संतुष्टि-वह मिलेगी उन्हें सत्ता सौंप कर। सत्ता मिलेगी वोट देने से। इसलिए चुपचाप अपना वोट उन्हें ही देना है वरना तुम्हारी खैर नहीं। लोकतंत्र का मामला है-उन्हें तुम्हारे नाचीज वोट की जरूरत है। सत्ता में आने के लिए समाज सेवा की भी जरूरत नहीं है, क्योंकि चुनाव स्टंट हैं पंद्रह दिन का नेटवर्क है। चापलूसों को लेकर आयेंगे। वोट बाँटेंगे, भोजन के लंगर लगेंगे, दारू के कैरेट खुलेंगे, कम्बल बँटेंगे और यह सब जिनको पसन्द नहीं है, उनके हाथ-पाँव टूटेंगे। इस लोकतांत्रिक तरीके से ही होगें वे सत्तारूढ़!

सत्ता पाने से उन्हें कोई रोक नहीं सकता। वे सत्ता के भूखे भेड़िये हैं। उन्हें अब पता है सत्ता मिलती कैसे है ? अपना कल्याण चाहते हो तो उन्हें सत्ता में अपने दो। वैसे आप रोकने वाले हैं भी कौन? दिलवाले जब दुल्हनिया ले जा सकते हैं तो वे सत्ता सुंदरी का अपहरण नहीं कर लेंगे? यह अलबेले और मतवाले लोगों का देश है प्यारो! हट जाओ सामने से, क्योंकि वे आ रहे हैं। वे क्यों आ रहे हैं, तुम जानते हो तो फिर रास्ता खुला छोड़ दो, उनकी पालकी इसी मार्ग से गुजरेगी। आप पलक पांवड़ों के साथ फलों के दल के दल बिछा देना इन दल बदल के दलदलों के सामने। उनके आने से लाभ हो या हानि, कुछ मत सोचो, बस उन्हें केवल सत्ता की जल्दी है, इसलिए उन्हें सत्ता में आने दो, फिर मत कहना कि तुम्हारे दाँत क्यों टूटे और अस्पताल के हड्डी वार्ड में क्यों पहुँचे। सबसे बचने का सुरक्षित रास्ता यही है कि उन्हें सत्ता में आने दो।

बिहार लोकसभा चुनाव: अंतिम चरण के लिए सियासी घमासान हुआ तेज

# भाजपा के सामने गढ़ बचाने की चुनौती, दिग्गज नेता बना रहे हैं रणनीति

एजेंसी | पटना





बिहार में लोकसभा चुनाव के सातवें व अंतिम चरण में 8 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है और इन सीटों पर बाजी मारने के लिए भाजपा नीत राजग और विपक्षी महागठबंधन ने पूरी ताकत झोंक रखी है। यह निर्णायक चरण दोनों खेमों के लिए बहुत ही अहम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को शनिवार बिहार में काराकाट, पटना और बक्सर में रैली को संबोधित किया। यह पीएम मोदी का 9 वां बिहार दौरा था। वहीं, रविवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने काराकाट व सासाराम और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने काराकाट, आरा और नालंदा में चुनाव सभाओं को संबोधित किया। बिहार में चुनाव के अंतिम चरण में पटना साहिब, पाटलिपुत्र, बक्सर, आरा और सासाराम काराकाट, नालंदा और जहानाबाद के लिए मतदान होना है। पटना साहिब, पाटलिपुत्र, बक्सर, आरा और सासाराम सीट पर भाजपा का कब्जा है। वहीं अन्य तीन सीटों पर राजग प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। ऐसे में भाजपा के सामने 2019 में जीती हुई अपनी सीटों पर फिर से जीतने की चुनौती है। भाजपा के सामने जहां आरा और पटना में जीत की हैट्रिक लगाने की चुनौती है, वहीं सासाराम और बक्सर लोकसभा सीट पर जीत बरकरार रखने की जद्दोजहद से गुजरना पड़ रहा है। बक्सर और सासाराम से इस बार पार्टी ने उम्मीदवार बदल दिए हैं। पाटलिपुत्र लोकसभा से भाजपा को जीत की हैट्रिक बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार रामकृपाल यादव ने राजद उम्मीदवार मीसा भारती को 40 हजार 372 मतों से परास्त किया था।

### फिर फिसली नीतीश की जुबान... फिर सीएम बने मोदी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान में धुआंधार जनसभाएं कर रहे हैं। लेकिन, उनकी जुबान बार-बार फिसल जा रही है। दरअसल उन्होंने नरेंद्र मोदी को एक बार फिर मुख्यमंत्री बनाने की अपील कर दी। रविवार को नीतीश कुमार भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद के चुनावी सीट पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के दनियावां में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। जब एहसास हुआ तो सफाई भी देने लगे। इससे पहले प्रधानमंत्री के सामने ही एनडीए को 4000 लोकसभा सीट दिलाने की अपील जनता से कर दी। भाषण करते हुए उन्होंने एनडीए को बिहार में 40 और देश में 400 सीटें दिलाने की अपील की।

### महागठबंधन के लिए तेजस्वी व सहनी उतरे मैदान में

काराकाट लोकसभा क्षेत्र में अमित शाह के बाद राजद नेता तेजस्वी यादव और वीआईपी के चीफ मुकेश सहनी ने महागठबंधन के उम्मीदवार राजाराम कुशवाहा के लिए वोट मांगा। बिक्रमगंज इंटर कॉलेज के खेल मैदान में एक चुनावी सभा को पूर्व डिप्टी सीएम व इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेता तेजस्वी यादव ने सम्बोधित किया। इस दौरान तेजस्वी ने कहा कि चार जून को भाजपा वाले अंतिम सांस लेने वाले हैं। उन्हें नीतीश कुमार भी नहीं बचा पाएंगे। तेजस्वी यादव इंडिया गठबंधन समर्थित माले प्रत्याशी कामरेड राजाराम सिंह को भारी मतों से जिताने की अपील की।

### जब तक पापियों का अंत नहीं कर देंगे, चैन नहीं: योगी



**गाजीपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि हम रामभक्त हैं, तब तक चैन की सांस नहीं लेंगे, जब तक पापियों का अंत नहीं कर देते। आज बेटी और व्यापारी की सुरक्षा से कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता और अगर ये दुःसाहस करने की किसी ने कोशिश की तो अगले ही चौराहे पर यमराज उसका इंतजार करते हुए मिलेंगे। योगी ने रविवार कोमीरजापुर, रॉबर्ट्सगंज, चंदौली, गाजीपुर और गोरखपुर लोकसभा सीट के लिए प्रचार के दौरान चुनाव सभाओं में यह बात कही। इस दौरान उन्होंने पांचों लोकसभा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि जो मफिया कभी कानून की धज्जियां उड़ाया करते थे आज यूपी का बुलडोजर उनकी छाती को रौंद रहा है। गाजीपुर का एक माफिया अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए खुद को ब्रिगेडियर उस्मान के परिवार का बताता है जबकि ये कोरा झूठ है और उसका ब्रिगेडियर उस्मान के परिवार से कोई नाता नहीं है।

### आदेश प्रताप कैरों अकाली दल से निष्कासित

**चंडीगढ़।** पंजाब में लोकसभा चुनाव के मतदान से पहले शिरोमणी अकाली दल ने पार्टी नेता और पूर्व मंत्री आदेश प्रताप सिंह कैरों को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते पार्टी से निष्कासित कर दिया है। कैरों शिरोम णि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के जीजा हैं। अकाली दल के खडूर साहिब लोकसभा सीट से प्रत्याशी प्रो. विरसा सिंह वल्टोहा की शिकायत पर पार्टी ने कैरों के खिलाफ यह कार्रवाई की है। इस संबंध में निर्णय पार्टी महासचिव बलविंदर सिंह भूंदड़ ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ परामर्श के बाद लिया। कैरों और प्रो. विरसा सिंह वल्टोहा के बीच तनातनी काफी पुरानी है।

अहम योजना: भगवा दल की देश एक चुनाव लागू करने की तैयारी

# BJP सत्ता में आई तो 5 साल में पूरे देश में लागू होगी यूसीसी: शाह

एजेंसी | नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मोदी सरकार के अगले कार्यकाल में ही देशभर में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर दी जाएगी। शाह ने कहा कि अगर भाजपा की सत्ता में वापसी होती है तो सभी हितधारकों से व्यापक चर्चा के बाद यूसीसी को लाया जाएगा।

शाह ने कहा कि मोदी सरकार का अगला कार्यकाल कई मायनों में अहम होगा क्योंकि इसी दौरान एक देश-एक चुनाव को भी लागू किया जाएगा। अब समय आ गया है, जब देशभर में एक साथ चुनाव हों। उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से खर्च भी कम होगा। विभिन्न मीडिया रिपोर्टों के अनुसार शाह ने कहा कि समान नागरिक संहिता एक जिम्मेदारी है, जिसे हमारे संविधान निर्माता हम पर, हमारी संसद पर और राज्य विधानसभाओं पर छोड़कर गए हैं। संविधान सभा ने हमारे लिए जो मार्गदर्शक सिद्धांत तय किए थे, उनमें समान नागरिक संहिता भी शामिल है। यहां तक कि उस समय भी केएम मुंशी, राजेंद्र बाबू, डॉ.अंबेडकर जैसे कानूनविदों ने कहा था कि एक धर्मनिरपेक्ष देश में धर्म के आधार पर कानून नहीं होने चाहिए। समान नागरिक संहिता होनी चाहिए।

### सर्दियों में चुनाव कराने पर विचार

एक देश एक चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर अमित शाह ने कहा पीएम मोदी ने रामनाथ कोविंद समिति का गठन किया था। समिति की रिपोर्ट जमा कर दी गई है और अब समय भी आ गया है, जब देश में चुनाव एक साथ कराए जाएं। अगले पांच वर्षों में ही इसे लागू करने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन आम चुनाव में मतदाता भीषण गर्मी से परेशान हैं और इसका असर मतदान प्रतिशत पर भी पड़ा है। ऐसे में क्या चुनाव गर्मी के बजाय सर्दियों के मौसम में कराए जा सकते हैं? इसके जवाब में शाह ने कहा कि हम इस पर विचार कर सकते हैं। ऐसा हो सकता है।

### हमारा संकल्प पांच साल के लिए

यह पूछे जाने पर कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो क्या इस पर विधेयक को अगले सत्र में पेश किया जा सकता है, शाह ने कहा, हमारा संकल्प पत्र 5 साल का होता है और हम उसमें लेकर आएंगे। भाजपा ने वर्तमान लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता को राज्य के नीति निर्देशक तत्वों में से एक के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। भाजपा का मानना है कि जब तक भारत एक समान नागरिक संहिता को नहीं अपनाता है, तब तक लैंगिक समानता नहीं हो सकती है, जो सभी महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करती है। भाजपा एक समान नागरिक संहिता बनाने, सर्वोत्तम परंपराओं को आकर्षित करने और आधुनिक समय के साथ सामंजस्य स्थापित करने के अपने रुख को दोहराती है।

### बदलाव की जरूरत हो तो बदलाव करे उत्तराखंड सरकार

उन्होंने कहा, मेरा मतलब है कि इस मुद्दे पर व्यापक बहस होनी चाहिए और अगर कुछ भी बदलाव की जरूरत महसूस होती है तो उत्तराखंड सरकार को वह बदलाव करना चाहिए। यह मामला कोर्ट में भी जरूर जाएगा और न्यायपालिका भी इस पर अपना विचार देगी। इसके बाद राज्य विधानसभाओं और संसद को भी इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और कानून को लागू करना चाहिए। यही वजह है कि हमने अपने संकल्प पत्र में भी लिखा है कि भाजपा पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू करेगी।

### हमारे एजेंडे में 1950 से ही है समान नागरिक संहिता

गृह मंत्री ने कहा कि 'भाजपा ने उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करके एक प्रयोग किया है क्योंकि वहां बहुमत की सरकार है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र के साथ यह राज्यों का भी विषय है। शाह ने कहा, मेरा मानना है कि समान नागरिक संहिता एक बड़ा सामाजिक, कानूनी और धार्मिक सुधार है। उत्तराखंड सरकार की ओर से बनाए गए कानून की सामाजिक और कानूनी जांच होनी चाहिए। धार्मिक नेताओं से भी सलाह ली जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता हमारे एजेंडे में साल 1950 से ही है।

पंजाब चुनावी रैलीः शाह ने साधा निशाना

# पंजाब में 'नूरा-कुश्ती' खेल रहे हैं कांग्रेस और AAP

एजेंसी | लुधियाना





केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी कहीं और एक-दूसरे को गले लगाते हैं, लेकिन पंजाब में दुश्मन बन जाते हैं। शाह ने कहा कि मैं आप और कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि दिल्ली, हरियाणा और गुजरात में आपका गठबंधन है, फिर आप यहां 'नूरा कुश्ती' (फिक्स्ड मैच) क्यों खेल रहे हैं? पंजाब में लुधियाना से भाजपा उम्मीदवार रवनीत सिंह बिट्टू के समर्थन में एक चुनावी रैली में उन्होंने आप और कांग्रेस पर निशाना साधा। ज्ञात रहे कि आप और कांग्रेस, इंडिया ब्लॉक के दोनों घटक, के बीच लोकसभा चुनावों के लिए दिल्ली, गुजरात, गोवा और हरियाणा में सीट-बंटवारे का समझौता है, लेकिन पंजाब में अलग-अलग लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरे गुरुदेव पंजाब के बारे में दो बातें कहते थे- पहला, पंजाब न हो तो देश सुरक्षित नहीं रह सकता और दूसरा पंजाब न हो तो देश का पेट भर नहीं सकता। ये दोनों काम पंजाब ही कर सकता है।

### केजरीवाल ने भाजपा पर साधा निशाना

दूसरी ओर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, आप सभी केंद्र में हमारे हाथ मज़बूत कीजिए। अगर आपने पंजाब की 13 की 13 सीट आम आदमी पार्टी को दे दीं तो दिल्ली में हमारी ताक़त बढ़ेगी। केजरीवाल ने आगे कहा कि पंजाब के कई ऐसे मसले हैं, जिनके लिए हमें केंद्र सरकार से लड़ना पड़ेगा। आप हमारे हाथ मज़बूत कीजिए। केजरीवाल ने ये भी कहा, मैं आप सबसे इस देश को बचाने की अपील करने आया हूं। हम एक समय की रोटी कम खा लेंगे लेकिन तानाशाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। हमारा देश तानाशाही की तरफ बढ़ रहा है। राज्यपाल विधानसभा के द्वारा पारित बिलों को रोककर जनतंत्र के ऊपर प्रहार कर रहे हैं और ये लोग जनता को रोकने की कोशिश कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री के मुजरे वाले बयान की आलोचना

# पीएम मोदी का बयान अपमानजनक: खरगे

एजेंसी | कैमूर



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मुजरा' वाले बयान की आलोचना करते हुए कहा कि बिहार के लोगों के लिए ये अपमानजनक है। यह बहुत बुरा है और उन्हें ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। किसी को भी ऐसी चीजें पसंद नहीं आतीं।

खरगे रविवार को बिहार के कैमूर में सासाराम संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार मनोज राम के समर्थन में चुनाव सभा को संबोधित कर रहे थे। ज्ञात रहे कि पीएम मोदी ने शनिवार को बिहार में एक चुनावी रैली में कहा था कि विपक्षी गठबंधन के नेता अपने वोट बैंक की खुशी के लिए मुजरा भी कर सकते हैं। खरगे ने सभा में भाजपा पर जमकर जुबानी हमला किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'झूठों का सरदार' बताया। खरगे ने कहा कि दस साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी का एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। मोदी ने 10 साल तक जनता को गुमराह कर छल, कपट और बेईमानी की है। खरगे ने कहा कि पीएम कहते हैं कि यह मोदी की गारंटी है। और मैं कहता हूं कि क्या यही मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा था कि सबके खाते में 15-15 लाख रुपए आएंगे, साल में दो करोड़ युवाओं को नौकरी देंगे, किसानों का कर्ज माफ करेंगे, ऐसा नहीं हुआ। लेकिन मोदी ने देश की जनता के साथ बहुत बड़ा छलावा किया है। उन्हें जनता कभी माफ नहीं करेगी। इस बार 2024 लोकसभा के चुनाव में भाजपा बुरी तरह से हार का सामना करेगी। खरगे ने कहा कि हमें उनसे (भाजपा) भी ज्यादा विश्वास है। हम जीतने वाले हैं और वे हारने वाले हैं।

संजय राउत ने एक लेख में किया दावा

# पीएम मोदी-शाह ने गडकरी को हराने के लिए काम किया

एजेंसी | मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने रविवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लोकसभा चुनाव में नितिन गडकरी की हार के लिए काम किया। राउत ने कहा कि फडणवीस ने न चाहते हुए भी गडकरी के लिए प्रचार किया। बता दें कि नितिन गडकरी नागपुर से चुनाव लड़ रहे हैं और यह फडणवीस व गडकरी) का गृहनगर है। शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र सामना में एक लेख में संजय राउत ने यह बात कही है। उन्होंने लिखा, जब फड़नवीस को एहसास हुआ कि उन्हें हराया नहीं जा सकता, तो उन्होंने न चाहते हुए भी गडकरी के लिए प्रचार किया। आरएसएस के लोग कह रहे हैं कि फडणवीस ने विपक्ष के लिए गडकरी को हराने का काम किया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हर निर्वाचन क्षेत्र में 25-30 लाख रुपए बांटे थे। उनकी मशीनरी ने अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के उम्मीदवारों को हराने का काम किया।

### भाजपा का पलटवार

संजय राउत के इन दावों पर पलटवार करते हुए महाराष्ट्र के भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि वह (राउत) भ्रम में है। उन्होंने कहा, भाजपा एक पार्टी नहीं, बल्कि परिवार है। जो लोग हमेशा गुटबाजी की राजनीति करते आए हैं, वे पारिवारिक बॉन्ड को नहीं समझ सकते। पीएम मोदी, शाह, योगी आदित्यनाथ,गडकरी, फडणवीस ये सभी भाजपा के परिवार का हिस्सा हैं। हम हमेशा राष्ट्र प्रथम की नीति पर काम करते हैं।

यूपी-पूर्वांचल: पीएम मोदी ने तीन रैलियों से साधी सात सीटें, कहा...

# SC- ST व पिछड़ों का आरक्षण छीनने वालों के सामने खड़ा है मोदी

### यह भी बोले पीएम

- योगी अच्छे-अच्छों की गर्मी उतारने में एक्सपर्ट
- धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने देंगे।

एजेंसी | लखनऊ




उत्तर प्रदेश में लोकसभा के चुनाव के अंतिम व सातवें चरण की सीटों पर सियासी समीकरण साधने के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में रविवार को मिर्जापुर, मऊ और देवरिया में धुंआधार तीन रैलियों को संबोधित कर सात लोकसभा सीटों को साधा। उन्होंने विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यह लोग आरक्षण समाप्त कर मुसलमानों को देना चाहते हैं लेकिन एससी, एसटी और पिछडों का आरक्षण छीनने वालों के सामने मोदी खड़ा है। सपा पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने माफियाओं को चेतावनी दी। उन्होंने कहा, योगी जी अच्छे-अच्छों की गर्मी उतारने में एक्सपर्ट हैं। उनके आने के बाद से उत्तर प्रदेश का माहौल और मौसम दोनों बदल गया है। पीएम मोदी मिर्जापुर में अपना दल प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल और राबर्ट्सगंज से प्रत्याशी रिंकी कोल के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। पीएम मोदी ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि यह मोदी की गारंटी है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने देंगे। इन लोगों के निशाने पर संविधान भी है लेकिन इनके सामने मोदी खड़ा है। सपा ने 2012 और 2014 में अपने घोषणा पत्र में बाकायदा कहा था कि दलितों, पिछड़ों को मिलने वाले आरक्षण की तरह मुसलमानों को भी आरक्षण दिया जाएगा। पुलिस और पीएसी में 15 प्रतिशत का आरक्षण दिया जाएगा।

### सपा को देकर बर्बाद न करें वोट

मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन पांच साल में पांच प्रधानमंत्री के शर्त पर चुनाव लड़ रही है। ये देश के लिए नहीं बल्कि अपनी कुर्सी बचाने में ही रहेंगे। देश इस बार फिर मोदी सरकार बनाने का मन बना लिया है और जनसमर्थन मिल रहा है। सपा को वोट दे कर वोट बर्बाद न करें।

### ब्रह्मोस के निर्यात में अटकाए रोड़े

ब्रह्मोस मिसाइल खरीदना चाहते थे, कांग्रेस सरकार ने उनके सामने भी रोड़े अटकाए। ये इंडिया गठबंधन वाले चाहते हैं भारत रक्षा क्षेत्र में न आत्मनिर्भर बने और न ही भारत में हथियार निर्यात करने की क्षमता पैदा हो। विदेशों से हथियारों का सौदा होता रहे और कांग्रेस की दलाली चलती रही। उन्होंने कहा कि, यूपी में डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है।

### कांग्रेस ने सुरक्षा के साथ किया खिलवाड़

पीएम मोदी ने बासगांव में इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा, आज हमारा देश ब्रह्मोस मिसाइल बना रहा है। वो दिन दूर नहीं जब यूपी में भी ब्रह्मोस मिसाइल बनेगी। ब्रह्मोस मिसाइल ऐसी है जिसका खौफ दूर-दूर तक है। दुनिया के कई देशा में इस मिसाइल की मांग रही है। लेकिन कांग्रेस को ये भी पसंद नहीं आया।

### माफिया गिरी समाप्त

पीएम ने कहा कि कांग्रेस और सपा घोर सांप्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सपा के शासन काल में माफिया से जनता कांपती थी, अब माफिया कांप रहे हैं। माफिया को सरकार का संरक्षण प्राप्त रहता था। अब माफिया गिरी समाप्त हो गई है। मोदी ने कहा, कानून व्यवस्था और समाजवादी पार्टी का छत्तीस का आंकड़ा है। जो आतंकी पकड़े जाते थे, उनको भी ये सपा वाले छोड़ देते थे। जो पुलिस अफसर इसमें आनाकानी करता था, सपा सरकार उसे सस्पेंड कर देती थी। इन्होंने पूरे यूपी को, पूर्वांचल को माफिया का सुरक्षित ठिकाना बना दिया था।

**जरूरी खबर**

## बीएसएफ ने तस्कर पकड़ा, 12 करोड़ का सोना भी जब्त

**कोलकाता।** बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर 12 करोड़ रुपए मूल्य के 16 किलो सोने के 89 बिस्कुट के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमान्त के जनसंपर्क अधिकारी ए.के. आर्य के मुताबिक उत्तर 24 परगना में छठे चरण के मतदान के दौरान उत्तर 24 परगना जिले की भारत-बांग्लादेश सीमा पर सीमावर्ती गांव हलदरपाड़ा में बीएसएफ ने एक विशेष अभियान चलाकर सोने की बड़ी खेप जब्त की। सीमा चौकी गुनारमठ, पींचवीं बटालियन के जवानों ने हलदरपाड़ा गांव के आलोक (बदला हुआ नाम) के घर से 89 सोने के बिस्कुट बरामद किए। तस्कर सोने की खेप को बांग्लादेश से भारत में तस्करी करने के बाद, आगे डिलीवरी करने से पहले अपने घर में छुपा कर रखा हुआ था। जब्त सोने का कुल वजन 16.067 किलोग्राम है तथा बाजार मूल्य 12 करोड़ रुपए है।

## लोकसभा चुनाव का विरोध...छह लोग दबोचे



**चेन्नई।** लोकसभा चुनाव के विरोध में ऑनलाइन अभियान चलाने वाले हिज्ब उत तहरीर संगठन के छह सदस्यों को तमिलनाडु पुलिस की साइबर क्राइम टीम ने दबोचा है। ये सभी वीडियो जारी कर आम लोगों को उकसा रहे थे कि वे चुनाव में वोट न डालें। पकड़े गए लोगों में एक शख्स और उसके दो बच्चे भी शामिल हैं। सभी आरोपित अपने 'फालोअर्स' को इस्लाम का पालन करने के लिए भी प्रेरित कर रहे थे। केंद्रीय जांच एजेंसियों को इस बारे में जानकारी दे दी गई है। लोकतंत्र को हराम करार देते हुए इन लोगों ने कहा कि जो भी इस प्रक्रिया का हिस्सा बनेगा वह भी हराम काम करेगा।

## मणिपुर: सेना के जवानों ने तीन आईईडी डिफ्यूज

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में सड़क पर बिछाए गए तीन आईईडी को सेना के जवानों ने रविवार को डिफ्यूज कर दिया गया। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल अमित शुक्ला ने कहा कि सेना के जवानों ने इंफाल पूर्वी जिले में निगरानी अभियान के दौरान मफौ बांध के पास नोंगदम तांगखुल और एथम तांगखुल गांवों को जोड़ने वाली सड़क पर तीन आईईडी को देखा। सेना ने विस्फोट से पहले समय रहते विस्फोटक डिवाइस का पता लगा लिया। सेना ने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। इसके बाद बम निरोधक दस्ता वहां पहुंचा और आईईडी को डिफ्यूज कर दिया।

## चक्रवाती तूफान... पीएम मोदी ने की स्थिति की समीक्षा



*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में आए चक्रवाती तूफान से उत्पन्न स्थिति और उससे निपटने की तैयारियों की रविवार को अधिकारियों के साथ समीक्षा की।*

### 1 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा, 135 किमी की रफ्तार से चली हवा

# बंगाल तट से टकराया चक्रवात कई जिलों में भारी बारिश शुरू

**एजेंसी** | कोलकाता

तेज हवाओं और भारी बारिश के साथ चक्रवात रेमल पश्चिम बंगाल के तटों से टकराया। मौसम विभाग के मुताबिक, चक्रवात के लैंडफॉल की पूरी प्रक्रिया पांच से सात घंटे तक चलेगी। इस दौरान 110 से 120 किमी प्रति घंटे की तीव्रता के साथ हवाएं चल रही थीं जो 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंच गईं। मौसम विभाग के मुताबिक, चक्रवात के प्रभाव से पश्चिम बंगाल के दक्षिणी जिलों- उत्तर और दक्षिण 24 परगना, कोलकाता, पूर्वी मिदनापुर, हावड़ा, हुगली में भारी से बहुत भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग की तरफ से इन जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। चक्रवात के चलते 20 सेमी से अधिक बारिश होने की संभावना है। वहीं राज्य के अन्य जिलों- पश्चिम मेदिनीपुर, नादिया, पूर्वी बर्दवान में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार को कई जिलों में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

चक्रवात रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक उत्तरी बंगाल की खाड़ी में सागर द्वीप से 240 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पूर्व में स्थित था। यह मानसून से पहले बंगाल की खाड़ी में आने वाला पहला चक्रवात है। इस बीच, कोलकाता एयरपोर्ट के अधिकारियों ने रविवार दोपहर से 21 घंटे के लिए उड़ान संचालन निलंबित करने का फैसला किया है।



### राज्य आपदा प्रबंधन व NDRF की 16-16 बटालियन तैनात



पश्चिम बंगाल सरकार ने सुंदरबन और अन्य तटीय क्षेत्रों से 1.10 लाख लोगों को सुरक्षित जगहों पर भेजा है। बंगाल सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हालात से निपटने के लिए राज्य आपदा प्रबंधन और एनडीआरएफ की 16-16 बटालियन तटीय क्षेत्रों में तैनात की गई हैं। राज्य सरकार ने प्रभावित इलाकों में करीब 5.40 लाख तिरपाल भी बांटे हैं और इन जिलों में सूखा राशन, पाउडर दूध और पीने के पानी के पाउच भी वितरित किए गए हैं। राज्य सचिवालय में केंद्रीकृत इकाई स्थापित की गई है, जो चक्रवाती तूफान रेमल के हालात पर बारीकी से नजर रखेगी। खासकर तटीय इलाकों दीघा, शंकरपुर और ताजपुर में पर्यटकों को होटल खाली करने और ऐहतियातन समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

### नौसेना मदद के लिए तैयार

भारतीय नौसेना ने मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) के लिए अपनी तैयारी कर ली है। नौसेना की तैयारी के अंतर्गत दो जहाजों को राहत और बचाव कार्य के लिए तैयार रखा गया है। सी किंग और चेतक हेलिकॉप्टर, डोर्नियर विमानों, गोताखोर टीम और बाढ़ राहत टीम भी तैयार रखी गई है। नौसेना की राहत और बचाव कार्रवाई मौजूदा मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन करते हुए शुरू की गई है।

### पूर्वोत्तर के राज्यों में भारी बारिश संभव

मौसम कार्यालय ने पश्चिम बंगाल और उत्तरी ओडिशा के तटीय जिलों में 27 मई को अत्यधिक भारी वर्षा होने चेतावनी जारी की है। असम और मेघालय में भी अत्यधिक भारी बारिश होने की आशंका है। मणिपुर, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा में 27-28 मई को भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है.

### रेल सेवाएं स्थगित

पूर्वी रेलवे ने रविवार रात 11 बजे से सोमवार सुबह छह बजे तक सियालदह दक्षिण और बारासात-हसनाबाद खंड में ट्रेन सेवाओं को एहतियातन निलंबित कर दिया है जिसके परिणामस्वरूप कई लोकल ट्रेन रद्द कर दी गईं। दक्षिण पूर्व रेलवे ने भी रविवार को कांडारी एक्सप्रेस और रविवार एवं सोमवार को दीघा से आने-जाने वाली कुछ रेल रद्द कर दी हैं।

## मुक्त व्यापार समझौता चाहता है भारत: मालदीव



**माले/ नई दिल्ली।** भारत और मालदीव में राजनयिक विवाद के बीच मालदीव ने कहा है कि भारत ने दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के प्रयास शुरू कर दिए हैं। मालदीव के व्यापारिक मंत्री मोहम्मद सईद ने कहा कि भारत हमसे मुक्त व्यापार समझौता चाहता है। हालांकि उनका कहना है कि मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू सभी देशों को बराबर का अवसर देना चाहते हैं। सईद ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, वे (भारत) चाहते हैं कि साफ्टा के अलावा मालदीव के साथ अलग से एक मुक्त व्यापार समझौता हो। सईद ने कहा कि मालदीव के राष्ट्रपति ने सभी देशों को यह अवसर दिया है और सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक देशों के साथ समझौते करना है, ताकि व्यापार गतिविधियों में सुगमता प्रदान की जा सके।

### तेलंगाना सरकार की कार्रवाई

## तंबाकू, गुटखा और पान मसाला पर लगाया बैन

**एजेंसी** | हैदराबाद

तेलंगाना सरकार ने राज्य में तंबाकू और निकोटीन युक्त गुटखा व पान मसाला के निर्माण, भंडारण, वितरण और बिक्री पर रोक लगा दी है। यह पाबंदी 24 मई, 2024 से एक साल के लिए लगाई गई है। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि यह प्रतिबंध सार्वजनिक स्वास्थ्य को देखते हुए लिया गया है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त की ओर से जारी आदेश के अनुसार, निषेध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत इसे लागू किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, गुटका और पान मसाला के सेवन से स्वास्थ्य समस्याओं का गंभीर जोखिम रहता है। इसे देखते हुए ही यह कदम उठाया गया है। इनसे मुंह के कैंसर, सबम्यूकस फाइब्रोसिस और दूसरी स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा रहता है। दूसरी ओर, तेलंगाना के औषधि नियंत्रण प्रशासन के अधिकारियों ने बाजार में कुछ दवाओं का पता लगाया है,



जिनके लेबल पर दावे किए गए हैं कि वे गुर्दे की पथरी और गठिया का इलाज करती हैं। ये दावे ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 का उल्लंघन करते हैं। यह अधिनियम विशिष्ट रोगों और विकारों के उपचार के लिए कतिपय औषधों के विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाता है। अधिनियम के अनुसार, कोई भी व्यक्ति सूचीबद्ध बीमारियों या विकारों के बारे में विज्ञापनों का प्रकाशन नहीं कर सकता। भ्रामक और आपत्तिजनक विज्ञापनों वाली दवाओं की पहचान करने के लिए 25 मई को चलाए गए एक विशेष अभियान में डीसीए के अधिकारियों ने उत्पादों का पता लगाया।

### राजकोट अग्निकांड : 27 शव बरामद

## मैनेजर सहित दो लोग गिरफ्तार, छह पर FIR

**एजेंसी** | राजकोट

राजकोट के टीआरपी गेमिंग जोन में लगी आग के मामले में अब तक 27 शव बरामद किए गए हैं। सिविल अस्पताल में मृतकों का डीएनए लिया गया है। ज्ञात रहे कि, शनिवार शाम पांच बजे भीड़भाड़ वाले गेम जोन में भीषण आग लग गई थी। 25 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। प्रपुलिस आयुक्त भार्गव का कहना है कि मामले में रविवार तड़के छह लोगों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। मैनेजर नितिन जैन और एक अन्य युवक युवराज सोलंकी को गिरफ्तार किया गया है।

### गेमिंग जोन के पास नहीं था एनओसी

अधिकारी ने आगे कहा कि कहा कि गेम जोन के लिए सड़क और भवन विभाग से अनुमति मिल गई थी। फायर एनओसी प्राप्त करने के लिए अग्नि सुरक्षा उपकरण का प्रमाण भी जमा किया था। हालांकि, वह फिलहाल प्रक्रिया में था और अभी तक पूरा नहीं हुआ है। गेम जोन में अग्नि सुरक्षा उपकरण थे लेकिन आग पर काबू पाने के लिए पर्याप्त नहीं थे। उन्होंने अग्निशमन विभाग से एनओसी नहीं लिया था।

### भीषण गर्मी की मार

# रिकॉर्ड तोड़ बिजली की मांग, पानी की किल्लत!

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी के प्रकोप के बीच देश में बिजली की मांग शुक्रवार को इस मौसम की नई ऊंचाई 239.96 गीगावॉट पर पहुंच तक गई। ऐसा अनुमान लगाया है कि इस गर्मी के मौसम में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावॉट तक पहुंच सकती है। दूसरी तरफ, गर्मी के कारण जल स्तर में भी गिरावट देखी जा रही है। 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण स्तर में लगातार गिरावट जारी है।

25 मई से नौतपा शुरू हो गया है। यह 2 जून तक रहेगा। इस दौरान देश के कुछ हिस्सों में तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मौसम विभाग ने रविवार को दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के लिए लू (हीट वेव) का रेड अलर्ट जारी किया है।

शुक्रवार को देश की बिजली की मांग बढ़कर इस सीजन के सबसे ऊंचे स्तर 239.96 गीगावॉट पर पहुंच गई थी। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, गुरुवार को पावर डिमांड 236.59 गीगावॉट, बुधवार को 235.06 गीगावॉट थी। पिछले साल बिजली का ऑल टाइम हाई 243.27 गीगावॉट सितंबर 2023 में रिकॉर्ड किया गया था। इस साल गर्मी के मौसम में यह रिकॉर्ड टूटने की संभावना है। बिजली मंत्रालय ने मई के लिए दिन के दौरान 235 गीगावॉट और शाम के समय 225 गीगावॉट और जून, 2024 के लिए दिन के दौरान 240 गीगावॉट और शाम के समय 235 गीगावॉट की अधिकतम बिजली मांग का अनुमान लगाया था।

उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि मई में बिजली की मांग पहले से ही 240 गीगावॉट के स्तर के आसपास है, जिसका अनुमान बिजली मंत्रालय ने जून महीने के लिए लगाया था। बिजली की मांग और बढ़कर सर्वकालिक उच्च स्तर को पार कर सकती है। इसके अलावा, बिजली मंत्रालय ने यह भी अनुमान लगाया है कि इस गर्मी के मौसम में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावॉट तक पहुंच सकती है।



### कई राज्यों में कटौती

गर्मी में बिजली की मांग बढ़ने से किल्लत भी शुरू हो गई है। यूपी के कानपुर में गुरुवार को 584 बार शटडाउन लिया गया। राज्य में बिजली की डिमांड 28 हजार मेगावाट से ज्यादा है। एमपी के ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर जिले के ग्रामीण इलाकों में 6 से 7 घंटे बिजली कटौती हो रही है। दिल्ली और एनसीआर में कई इलाकों में 2 से 5 घंटे की कटौती हो सकती है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा के ग्रामीण इलाकों में भी बिजली कटौती की जा रही है।

### 150 जलाशयों के जल भंडारण में गिरावट

भीषण गर्मी के कारण जल स्तर में भी गिरावट देखी जा रही है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के मुताबिक देश में भीषण गर्मी के बीच 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण स्तर में लगातार गिरावट जारी है और यह कुल भंडारण क्षमता का 24 फीसदी गया है। पिछले वर्ष समान अवधि के दौरान के जल स्तर के मुकाबले मौजूदा जलस्तर में 21 फीसदी की कमी दर्ज की गई है।

## कोविड: राज्यों में एक सप्ताह तक होगा रेंडम सर्वेक्षण

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कोविड के जिस नए स्वरूप के सिंगापुर समेत दुनिया के अलग-अलग मुल्कों में मामले सामने आए हैं, उसे लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चिंता जताई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में देश में मिले ऐसे मामलों के बाद कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश और आदेश जारी किए हैं। फिलहाल अब देश के अलग-अलग राज्यों में एक सप्ताह तक रेंडम सैंपल लेकर सर्वे किया जाएगा। हालांकि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों और विशेषज्ञों का कहना है कि कोविड का यह बदला स्वरूप, न तो खतरनाक है और ना ही चिंता की बात है। फिलहाल जून के दूसरे हफ्ते में रेंडम सैंपल सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

### दो सप्ताह तक सैंपलिंग होगी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रेंडम सैंपल सर्वे के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों के मुताबिक जिन राज्यों में ऐसे मामले सामने आए हैं वहां पर सघन निगरानी के साथ-साथ अगले दो सप्ताह तक सैंपलिंग करने को कहा गया है।

थ्रेड्स ऑफ ट्रेडिशन, डीकोड दी रेड, ब्लूकारी और क्वींस ललस्टर उतरे कपड़ों पर

# युवाओं की बनाई डिजाइनर ड्रेसेज को मॉडल्स ने रैंप पर किया शोकेस

बेधड़क | जयपुर

युवाओं की सोच जब रैंप पर उतरी तो फैशन जगत के विशेषज्ञ भी रोमांचित और अचंभित हो उठे। हर किसी ने भविष्य के एक्सपर्ट के लिए तालियां बजाई और उनको मोटिवेट किया। नजारा था सी-स्कीम स्थित एलन कॉलेज ऑफ डिजाइन व ए इनफिनिटी टेकओवर्स के सहयोग से 8वें एनुअल डिजाइनर शो 'दी एलेनाइट्स शोकेस' का। जिसमें फैशन डिजाइनिंग के 67 युवाओं ने 25 प्रोफेशनल मॉडल्स के द्वारा 11 सीक्वेंस में सेल्फ मेड डिजाइनर ड्रेसेज की रेंज को प्रस्तुत किया। आयोजक राम यादव ने बताया कि फैशन डिजाइन के युवाओं का वर्क शोकेस करने के लिए फैशन शो- 'दी एलेनाइट्स शोकेस' का आयोजन किया गया। शो में 67 युवाओं ने रैंप पर स्वयं की बनाई डिजाइनर ड्रेसेस को शोकेस किया।





फोटो: पंकज शर्मा

### कुछ यूं चढ़ा फैशन का रंग

फैशन इवेंट में युवाओं ने रंग, बनावट और डिजाइन का बेहद बारीकी और क्रिएटिव तरीके से उपयोग कर जुलू आर्ट, ब्लू कारी, क्वींस ललस्टर, क्लस्टर कॉसमॉस, प्रीमोरडियल प्रिंसेस, दी अनसंग वारियर, कोखलोमा, थ्रेड्स ऑफ ट्रेडिशन, डीकोड दी रेड, बेदलाह और वाई टू के बाजार जैसी डिफरेंट थीम्स के द्वारा कलेक्शन को दर्शाया।

### 11 अलग थीम पर ड्रेसेज की तैयार

11 अलग-अलग थीम पर डिजाइन किए ड्रेसेस को 16 फीमेल व 9 मेल मॉडल्स ने रैंप पर उतारा। साथ ही जयपुर की ब्लू पॉटरी और लखनऊ की चिकनकारी आर्ट को डिजाइनर ड्रेसेज के द्वारा शोकेस किया गया। फैशन शो में मॉडल्स का मेकओवर काजल मेकअप आर्टिस्ट्री की काजल बंसल ने कुछ अनूठे अंदाज में किया। वहीं, शो में स्पेशल गेस्ट के तौर पर फैशन डिजाइनर पद्मराज केशरी और प्रशांत शिवम ने युवाओं को मोटिवेट किया। मॉडल्स की कोरियोग्राफी श्रीकांत शर्मा और ईशा शर्मा ने की।

## राजन और आरती का सम्मान




**बेधड़क. जयपुर।** शुभ वेडिंग्स मैगजीन के निदेशक राजन कायस्थ और आरती कायस्थ को वेडिंग टूरिज्म को बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए एडीटीओआई द्वारा सम्मानित किया गया। एडीटीओआई अध्यक्ष पीपी खन्ना और आरएटीओ अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने उन्हें मोमेंटो से नवाजा। यह सम्मान उनकी पत्रिका और आयोजनों से अविस्मरणीय विवाह अनुभव बनाने की उनकी समर्पित प्रयासों और जुनून को दर्शाता है।

## बैरवा ने संभाला पदभार

**बेधड़क. जयपुर।** डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान के सलाहकार मंडल व संरक्षक मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सोसायटी पूर्व अध्यक्ष, पदाधिकारीगण, संरक्षक सदस्यों व प्रबुद्धजनों से व्यापक चर्चा के अनुसार सोसायटी अध्यक्ष डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा के त्यागपत्र देने से रिक्त हुए पद पर बनवारी लाल बैरवा ने चुना हुआ वरिष्ठ उपाध्यक्ष होने के नाते अध्यक्ष पद कार्यभार ग्रहण किया।

## कलाकार ने गाया राग भीम पलासी



**बेधड़क. जयपुर।** नेट थिएट कार्यक्रमों की कड़ी में शास्त्रीय कलाकार ने राग भीम पलासी में जा जा रे अपने मंदिर वा जा, सुन पावेगी मोरी सांस ननंदिया को ध्रुरुप्त लय में प्रस्तुत किया। राजेंद्र शर्मा ने बताया कि शुरुआत राग जौनपुरी में एक बंदिश पायल की झंकार बेरनिया झन-झन बाजे ऐसी मोरी को द्रुत लय से हुई। साथ ही राग मियां मल्हार में फूल रही सरसों सकल बन, अंबा मोरे गेसू फुटे, गौरी करत सिंगार, मलानिया गरबा लगाया बरसों फूल रही सरसों जैसे तराने चले। कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी, प्रकाश व कैमरा मनोज स्वामी, संगीत विनोद सागर गढ़वाल का रहा।

# City इवेंट्स

## थैलीसीमिया पीड़ितों के लिए रक्तदान



**बेधड़क. जयपुर।** विद्याधर नगर में श्री श्याम महोत्सव सेवा समिति द्वारा थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष ओमप्रकाश मोदी ने बताया कि हर माह के चौथे रविवार को श्री अग्रवाल सेवा समिति, विद्याधर नगर के सहयोग से यह शिविर आयोजित किया जाता है। शिविर में मई माह में जिनके जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ आते हैं, उनको आमंत्रित करके म्यूजिकल रक्तदान का आयोजन किया जाता है। शिविर में सीताराम कांडा , सुरेश भूतिया, डॉ. केके शर्मा, शिवकुमार जालान, अनिल कुमार शर्मा, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, अनुराधा अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, भूमिका अग्रवाल, हंसराज अग्रवाल, भगवान सहाय मोर, रामसुंदर जयपुरिया, अनीता जयपुरिया, सुधीर गोयल, किरण गोयल, विनोद कुमार अग्रवाल, बेला अग्रवाल, केशव मोदी, रेणुका देवड़ा, प्रमोद मोदी, दर्शन मोदी, गिरधर माहेश्वरी, शिल्पा बेंद्रे, सपना, विश्वास गोयल, अनिल अग्रवाल, नथमल मित्तल, ब्रह्म प्रकाश आर्य, शशिकांत अग्रवाल, महेंद्र मंगल, देवेंद्र शर्मा, कानाराम गुर्जर आदि उपस्थित रहे। शिविर में रक्त संग्रहण दुर्लभ जी हॉस्पिटल ब्लड बैंक द्वारा किया गया।

## सीखेंगे संगीत की बारीकियां

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान संगीत संस्थान 3 जून से संगीत शिविर का आयोजन करेगा। राष्ट्रीय कला मंच जयपुर महानगर संयुक्त आयोजन में शिविर 15 दिन चलेगा। प्रोफेसर दिलीप गोयल ने बताया कि शिविर में कथक नृत्य, वॉयलिन, तबला विधाओं में प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम कन्वीनर प्रोफेसर सुनीता श्रीमाली ने बताया कि शिविर में डॉ. ज्योति गोस्वामी कथक नृत्य, डॉ. राजीव अग्रवाल वायलिन और डॉ. विजय सिद्ध तबला पर सहायक शिष्यों के साथ प्रशिक्षण देंगे।

## पद्मश्री तैलंग की याद में गूंजेंगे स्वर

**बेधड़क, जयपुर।** देश-दुनिया के संगीत फलक पर सात दशक से अधिक ध्रुवपद की अलख जगाए रखने वाले ध्रुवपदाचार्य पद्मश्री से सम्मानित पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग की याद में सोमवार संगीत समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह भट्ट को मिले पद्मश्री अलंकरण के सम्मान और उनकी स्मृति में किया जाएगा। कार्यक्रम में पंचतंत्री बेला वादक पं. रवि शंकर भट्ट तैलंग 5 तारों के वायोलिन पर ध्रुवपद गायकी के प्रयोगात्मक समावेश से गुरू को स्वरांजली देंगे। सोमवार को अजमेरी गेट स्थित चैंबर भवन के भैरोंसिंह शेखावत सभागार में शाम 6:30 बजे से संगीत की बानगी



होगी। कार्यक्रम संयोजक डॉ. निशा और डॉ. मधु भट्ट तैलंग ने बताया कि इस मौके पर रवि के साथ तबले पर पं. महेन्द्र शंकर डांगी और पखावज पर प्रतीश रावत संगत करेंगे।

जीव दया अभियान के तहत पक्षी रक्षा कार्यक्रम

## राजस्थान जैन युवा महासभा ने बांटे पक्षियों के लिए चुग्गा घर



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान जैन युवा महासभा टोंक रोड जोन 3ए की ओर से प्रचंड गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए परिंडा व चुग्गा वितरण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष सीएस जैन, कोषाध्यक्ष रवि प्रकाश जैन सहित बड़ी संख्या में जैन बन्धु शामिल हुए। युवा महासभा प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन व प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि राजस्थान जैन युवा महासभा भगवान महावीर के 2550वें निर्वाणोत्सव वर्ष में जीव दया अभियान के तहत पक्षियों की रक्षा कार्यक्रम चला रही है।

इसमें महासभा द्वारा अधीनस्थ 5 सम्भागों व 15 जोनों से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में परिंडे व भोजन के लिए चुग्गा दाना घर वितरण किए जा रहे हैं। सभी सम्भागों व जोनों की ओर से अपने इलाके में पेडों पर परिंडे बांधने व दाना घर लगाने का संकल्प लिया जा रहा है। अब तक 20 से अधिक स्थानों पर परिंडा व चुग्गा दाना घर वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।

जोन के महामंत्री रमेश जैन ने उपस्थित सदस्यों को परिंडा व चुग्गा वितरण कर उचित स्थान पर लगाने का आह्वान किया। इस मौके पर राजकुमार जैन, पीयुष जैन, मनोज गंगवाल, राजेश जैन, मनीष शाह सहित कॉलोनी के लोग व महिलाएं भी उपस्थित रहीं।

जोन स्तरीय निरंकारी महिला समागम संपन्न

## सदगुरु प्रदत्त आध्यात्मिक ज्ञान इंसान को व्यावहारिक बनाता है




बेधड़क | जयपुर

संत निरंकारी मंडल ब्रांच नारायण विहार मानसरोवर में रविवार को जोन स्तरीय निरंकारी महिला समागम केंद्रीय प्रचारक बहन सुशीला शर्मा की अध्यक्षता में शाम 4.30 से 7:30 बजे तक चला। सुशीला शर्मा ने कहा कि सदगुरु प्रदत्त आध्यात्मिक ज्ञान इंसान को व्यावहारिक बनाता है। इसे ही व्यावहारिक आध्यात्मिकता कहा गया है। हम सभी जानते हैं कि घर परिवार चलाने में महिलाओं का अहम रोल होता है। निरंकारी संगत की बहनें आज आध्यात्मिकता के साथ जीवन जीकर घरों को स्वर्ग बना रही हैं। जोनल इंचार्ज सुनील बाली ने बताया कि इस महिला समागम में जोन 20 बी जयपुर की सभी ब्रांचें राजापार्क, उदयपुरिया, हाथोज, ठिकरिया, प्रताप नगर, वाटिका, दूदू, रेनवाल, सांभर, विद्याधर नगर, जयसिंहपुरा खोर, बांदीकुई, दौसा, मंडावर, महुवा, तालचिड़ि, हिंडौन सिटी, करौली, तुंगा, देवगांव, रामगढ़ पचवारा, डीडवाना, लालसोट, मच्छ की पीपली, जमुवारामगढ़, बस्सी, कानोता, सांगानेर और चाकसू की सभी महिला संगत की बहिनों ने भाग लिया। सत्संग में दूर दराज से आई बहनों ने अनेक भाषाओं का सहारा लेते हुए विचारों, गीतों कविताओं और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सदगुरु की शिक्षाओं को जन जन तक पहुंचाने के भाव प्रकट किए। अंत में ब्रांच मुखी सुरेंद्र सिंह ने अतिथिय सत्कार किया और बहिनों का धन्यवाद किया।


धार्मिक कार्यक्रम | 51 सदस्यीय दल ने खजुराहो में किए महाराज के दर्शन

# मुनि प्रणम्य सागर ससंघ को चातुर्मास के लिए श्रीफल भेंट

बेधड़क | जयपुर

आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ को जयपुर में चातुर्मास करने के लिए 51 सदस्यीय दल ने खजुराहो में सामूहिक श्री फल भेंट कर निवेदन किया।

इससे पूर्व जयपुर शहर से गए दल के सदस्यों ने खजुराहो के स्वर्णोदय दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र में मंदिर दर्शन के बाद अभिषेक, शांतिधारा व पूजा-अर्चना कर पुण्यार्जन किया।



**आज जयपुर लौटेगा दल**

यात्रा दल रविवार को शाम आरती के बाद जयपुर के लिए वापस रवाना हुआ, जो सोमवार को जयपुर लौटेगा। इस दौरान सभी ने भक्तिभाव जगाया और महाराज के जयकारे लगाते हुए बस से पहुंचे।

### दल में ये सदस्य हैं शामिल

दल में राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, श्र आदिनाथ दिगम्बर जैन समिति अध्यक्ष सुशील पहाड़िया, मंत्री राजेन्द्र सेठी, दिगम्बर जैन महासमिति मानसरोवर सम्भाग महामंत्री सोभाग मल जैन, वरुण पथ दिगम्बर जैन मंदिर अध्यक्ष एम पी जैन, मांग्यावास पूर्व अध्यक्ष जय प्रकाश जैन, मैत्री समूह के पदाधिकारी इन्द्र कुमार जैन, चूलगिरी मण्डल के विजय सोगानी, नरेन्द्र जैन, पदम चन्द बिलाला, ओम प्रकाश जैन, सौरभ जैन, आदिनाथ महिला जागृति समिति मंत्री रश्मि सांगानेरिया, एडवोकेट अभिषेक सांघी, शांति काला, राजेन्द्र जैन सहित दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन, श्री वीर सेवक मण्डल, श्री दिगम्बर जैन मुनि संघ प्रबंध समिति, श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ, मानसरोवर सम्भाग मंदिरों के पदाधिकारियों सहित अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी शामिल हैं।




### पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन से मची तबाही

# मौत का आंकड़ा 670 के पार... मलबे में दबे 1182 घर

**एजेंसी** | मेलबर्न

पापुआ न्यू गिनी के काओकलाम गांव में लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या बढ़कर 670 हो गई है। संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी मिशन के प्रमुख सेरहान एक्टोप्राक ने कहा कि 23 मई को काओकलाम गांव में ये हादसा हुआ था। जब ये घटना हुई, तब सभी लोग अपने घरों में सो रहे थे। इससे 1,182 घर मलबे में दब गए। ऑस्ट्रेलिया के विदेश एवं व्यापार विभाग ने 25 मई को बताया था कि मुलिताका क्षेत्र में लैंडस्लाइड से 6 से अधिक गांव पर भी असर पड़ा है। सुरक्षा कर्मियों की मदद से कई दबे हुए शव बाहर निकाले गए।





### जिंदा बचने की उम्मीद नहीं

एक्टोप्राक ने कहा कि सहायताकर्मियों ने छह से आठ मीटर गहराई में जमीन और मलबे के नीचे लोगों के जीवित मिलने की उम्मीद छोड़ दी है। इस बीच दक्षिण प्रशांत द्वीप की सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि क्या उसे अधिक अंतरराष्ट्रीय समर्थन का आधिकारिक तौर पर अनुरोध करने की आवश्यकता है। देश की राजधानी पोर्ट मोरेस्बी से लगभग 600 किलोमीटर दूर उत्तर-पश्चिम में एंगा प्रांत में शुक्रवार को भूस्खलन के कारण लोग दब गए थे।

### राहत कार्य में परेशानी

पोरगेरा वुमन इन बिजनेस एसोसिएशन की अध्यक्ष एलिजाबेथ लारुमा ने बताया कि काओकलाम गांव पहाड़ी की ढलान पर बसा हुआ है। पहाड़ का किनारा खिसकने से ये जबरदस्त हादसा हुआ, जिस वजह से वहां आसपास के घर मिट्टी और पेड़ों के नीचे दब गए हैं। गांव के निवासियों का कहना है कि इस हादसे के कारण पोरगेरा शहर तक पहुंचने वाले रास्ते को भी ब्लॉक कर दिया गया है। इस वजह से बचाव कर्मियों को भी वहां पहुंचने में मुश्किल हो रही है। हेलिकॉप्टर की वहां पहुंचना का एकमात्र रास्ता है। इस लैंडस्लाइड के कारण पोरगेरा शहर में काम करने वाले लोगों को भी काफी परेशानी हो रही है,साथ ही गांव तक जरूरी वस्तुओं को पहुंचाने में बहुत समय लग रहा है।


### इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम ने किया हमले को नाकाम

# हमास ने तेल अवीव पर दागीं आठ मिसाइलें

**एजेंसी** | तेल अवीव

हमास ने एक बार फिर तेल अवीव पर 'बड़ा मिसाइल' अटैक किया है। इससे इजराइल की राजधानी तेल अवीव में एयर सायरन बज उठे। हालांकि, इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम ने हमलों को नाकाम करने का दावा किया गया है। अभी तक हमले से किसी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। गाजा युद्ध के सात महीने से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी हमास के हमले ने इजराइल की चिंता को बढ़ा दिया है।

रविवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर एक बयान में अल-कसम ब्रिगेड ने कहा कि मिसाइल नागरिकों के खिलाफ जायोनी नरसंहार के जवाब में लॉन्च किए गए थे। इससे पहले अल-कासिम बिग्रेड ने इजराइली सेना को गाजा में कई इजराइली सैनिकों के बंधक बनाए जाने का दावा किया था। हमास की अल-कासिम ब्रिगेड के प्रवक्ता अबु उबैदा ने एक रिकॉर्डेड मैसेज के जरिए इसकी जानकारी दी। हमास अल-अक्सा टीवी ने कहा कि रॉकेट गाजा पट्टी से दागे गए थे। पिछले चार महीनों से तेल अवीव में सायरन की आवाज नहीं आई थी, इजराइली सेना ने तुरंत सायरन बजने का कारण नहीं बताया। इजराइली आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं ने कहा कि उन्हें किसी के हताहत होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। यह हमला संकेत देता है कि विनाशकारी युद्ध के बाद भी इस्लामी गुट अभी भी लंबी दूरी की मिसाइलें दागने में सक्षम हैं।



### हमास के हमले के बाद बदला माहौल

पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास के आतंकवादियों ने इजराइल के अंदर घुसकर बड़ी संख्या में आम लोगों की हत्या की और बंधक बनाया। अभी भी 128 इजराइली बंधक हमास के कब्जे में हैं, जबकि 36 बंधकों की मौत की पुष्टि की गई है। इसके परिणामस्वरूप इजराइल ने भी गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक में हमास के खिलाफ युद्ध का ऐलान कर दिया। इजराइल की सैन्य कार्रवाई में हमास और गाजा की आम अवाम को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। गाजा में इजराइल के सैन्य अभियान में कम से कम 35,984 लोगों की मौत हो गई, जिनमें मुख्य रूप से महिलाएं और बच्चे थे।

### नेतन्याहू के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज


गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइल के लोगों को वापस लाने की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ तेल अवीव में प्रदर्शन कर रहे लोगों और इजराइली पुलिस के बीच झड़प हुई।

### नेपाली महिला ने रचा इतिहास

# 15 दिन में 3 बार किया एवरेस्ट फतह

**एजेंसी** | काठमांडू

नेपाल की फोटो जर्नलिस्ट और पर्वतारोही पूर्णिमा श्रेष्ठ ने शनिवार को दो सप्ताह के भीतर तीन बार माउंट एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचने वाली पहली व्यक्ति बनकर इतिहास रच दिया। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। उन्होंने पहली बार 12 मई को पहली चढ़ाई की थी, फिर 19 मई को और बाद में 25 मई को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई की। अभियान निदेशक पेम्बा शेरपा के अनुसार, पूर्णिमा ने शनिवार को सुबह 5:50 बजे अपनी तीसरी शिखर उपलब्धि हासिल की। पूर्णिमा इससे पहले चार बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ चुकी हैं। 2018 में वह पहली बार एवरेस्ट पर चढ़ीं। एवरेस्ट फतह करने वाले नीमा डोमा शेरपा ने कहा कि पर्वतारोहण के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी पर्वतारोही ने एक ही सीजन में तीन बार एवरेस्ट फतह किया। पर्वतारोही नीमा ने कहा है कि पूर्णिमा की इस कामयाबी से सभी युवा पर्वतारोहियों का हौसला बढ़ेगा। उनको हिम्मत भी मिलेगी कि किस तरह से एक महिला ने महज दो सप्ताह के अंदर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर तीन बार फतह हासिल की।



### पहले भी हासिल कर चुकी है कई कामयाबी

एक्सपीडिशन के अभियान निदेशक लकपा शेरपा ने कहा कि पूर्णिमा की पिछले कुछ वर्षों में 8x8000 मीटर शिखर की प्रभावशाली सूची पर्वतारोहण में उनके जुनून और विशेषज्ञता को दर्शाती है। लकपा शेरपा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पूर्णिमा ने इस साल 8 हजार मीटर के अभियानों के साथ एक ही सीजन में तीन बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली महिला बनकर इतिहास रच दिया। गोरखा जिले की मूल निवासी पूर्णिमा इससे पहले माउंट एवरेस्ट, कंचनजंगा, ल्होत्से, धौलागिरि, माउंट के-2, अन्नपूर्णा और मनास्लु पर चढ़ाई कर चुकी हैं।

### दोनों देशों के बीच हुआ समझौता

# 43 पाकिस्तानियों को रिहा करेगा श्रीलंका

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

श्रीलंकाई सरकार द्वीप राष्ट्र की जेलों से 43 पाकिस्तानी नागरिकों को रिहा करेगी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार दोनों देशों के बीच उनकी वापसी की सुविधा के लिए एक समझौता हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने श्रीलंका के उच्चायुक्त एडमिरल (सेवानिवृत्त) रवींद्र चंद्र श्रीविजय गुणरत्ने के साथ एक बैठक में दोनों देशों की जेलों में बंद कैदियों को वापस लाने पर सहमति जताई। दोनों पक्षों ने आपसी हित और द्विपक्षीय संबंधों के विकास के मुद्दों पर चर्चा की। रिपोर्ट में कहा गया है कि वे सुरक्षा और मादक द्रव्यों से निपटने के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमत हुए। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाक का आंतरिक मंत्रालय 43 पाक कैदियों को वापस लाने के लिए पिछले महीने से श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ काम कर रहा था। एक घोषणा में नकवी ने कहा कि पाकिस्तानी कैदियों की वापसी की व्यवस्था को कुछ दिनों के भीतर अंतिम रूप दिया जाएगा। आंतरिक मंत्री ने कैदियों की क्षतिपूर्ति में समर्थन के लिए श्रीलंकाई उच्चायुक्त को धन्यवाद दिया। नकवी ने कहा कि श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच संबंध पिछले सात दशकों में काफी मजबूत हुए हैं।

### पाक नागरिकों को सुनाई गई थी 10-10 साल की सजा

हाल ही में श्रीलंका की एक अदालत ने बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किए गए दस पाकिस्तानी नागरिकों को 10-10 साल की जेल की सजा सुनाई थी। पुलिस ने बताया था कि आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और बाद में उन्हें 10 साल जेल की सजा सुनाई गई।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl